www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

//-- सुविचार --//
000

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 07 जनवरी 2022, शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-320 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नया साल कश्मीर में आतंकवादियों के लिए काल बनकर आया है। पिछले पांच दिनों में पांच मुठभेड़ हुई जिसमें आठ आतंकवादी जहन्नुम रसीद कर दिए गए। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल है। नए साल की इससे बेहतरीन शुरूआत और कुछ नहीं हो सकती। कश्मीर घाटी में जो मुठ्ठी भर आतंकवादी अभी भी बचे हुए है उनका जल्द से जल्द सफाया होगा ऐसी उम्मीद की जा सकती है। लगे हाथ इन आतंकवादियों के हिमायतियों और आस्तीन के सांपों का फन भी कुचल दिया जाए तो सोने पर सुहागा हो जाए और कश्मीर घाटी में अमन व चैन कायम हो जाएं।

सूर्योदय

उदय : 7.15 प्रात:

अस्त : 5:40 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,918,444,880

भारत: 1,400,920,250

बाजार

सेंसेक्स : 59,601.84

निफ्टी: 17,745.90

गोल्ड : 47,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.16 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	23.6	13.6
बिलासपुर	24.0	12.6
जगदलपुर	17.9	08.7
अंबिकापुर	25.8	15.6

आज का दिवस

वाई-फाई आविष्कारक निकोला टेस्ला की पुण्यतिथि : वाई-फाई ने लोगों की जिंदगी को बहुत आसान बना दिया है लेकिन क्या आपको पता है कि वाई-फाई का आविष्कार किसने किया। वाई-फाई के जनक के रूप में अमेरिकी-सर्बियाई आविष्कारक निकोला टेस्ला को याद किया जाता है। आज उनकी 162वीं पुण्यतिथि है। उनका जन्म साल 1856 में 10 जुलाई को हुआ था। निकोला टेस्ला ने वायरलेस कम्यूनिकेशन के अलावा एसी करंट, टेस्ला वेव्स, बिजली से चलने वाली मोटर, रोबोटिक्स, रिमोट कंट्रोल, राडार, एक्स रे आदि का आविष्कार किया।

छत्तीसगढ़ में घटी बेरोजगारी दर, देश में चौथे स्थान पर

विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल ने फिर लहराया देश में परचम

रायपुर (नवप्रदेश)। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनॉमी संगठन द्वारा हाल ही में जारी किये गये बेरोजगारी के आंकड़ों ने एक बार फि र विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल की सफ लता का परचम बुलंद कर दिया है। आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ 2.1 प्रतिशत के साथ देश में सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में चौथे क्रम पर आया है। दिसंबर 2021 की स्थिति के अध्ययन के बाद सीएमआईई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में सबसे कम बेरोजगारी दर कर्नाटक में 1.4 प्रतिशत और सर्वाधिक बेरोजगारी दर हरियाणा में 34.1 प्रतिशत बताई गई है।

सीएमआईई ने जारी किये आंकड़े
छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर मात्र 2.1 प्रतिशत, जबकि देश में 7.7 प्रतिशत

छत्तीसगढ़ ने समावेशी विकास का लक्ष्य निर्धारित करते हुए तीन साल पहले महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना के अनुरूप नया मॉडल अपनाया था, जिसके तहत गांवों और शहरों के बीच आर्थिक परस्परता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसी मॉडल के अंतर्गत गांवों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सुराजी गांव योजना, नरवा-गरवा-घुरवा-बारी कार्यक्रम, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, रूरल इंडस्ट्रीयल पार्कों की स्थापना, लघु वनोपजों के संग्रहण एवं वैल्यू एडीशन, उद्यमिता विकास जैसी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गुजरात 1.6% के साथ कम बेरोजगारी वाला दूसरा राज्य

नये आंकड़ों के मुताबिक गुजरात 1.6 प्रतिशत के साथ कम बेरोजगारी वाला दूसरा राज्य है, जबकि पड़ोसी ओड़िशा 1.6 प्रतिशत के साथ तीसरे क्रम पर एवं मध्यप्रदेश 3.4 प्रतिशत के साथ 07 वें क्रम पर है। उत्तरप्रदेश में 4.9 प्रतिशत की बेराजगारी दर है। असम 5.8 प्रतिशत के साथ 12 वें क्रम पर है। राजस्थान में 27.1 प्रतिशत, झारखंड में 17.3 और बिहार में 16 प्रतिशत बेरोजगारी की दर रही है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जनवरी 2021 की स्थिति में देश में बेरोजगारी दर 6.52 फीसदी थी जिसमें शहरी बेरोजगारी 8.9 प्रतिशत और ग्रामीण बेरोजगारी 5.81 प्रतिशत थी, वहीं दिसंबर 2021 की स्थिति में देश में बेरोजगारी की दर 7.7 प्रतिशत रही जिसमें शहरी बेरोजगारी 9.1 प्रतिशत और ग्रामीण बेरोजगारी 7.1 प्रतिशत रही। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनॉमी संगठन 45 वर्षों से भारतीय अर्थव्यवस्था विदेशी मुद्रा, कृषि, उद्योग आदि क्षेत्रों में सतत अध्ययन करके डेटाबेस का निर्माण करता आया है और इसके द्वारा जारी आंकड़ों को प्रामाणिक माना जाता है।

पंजाब में हुई सुरक्षा चूक मामले पर राष्ट्रपति से मिले पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की और बुधवार को पंजाब में उनके काफि ले में हुए सुरक्षा उल्लंघन का प्रत्यक्ष विवरण दिया। वहीं राष्ट्रपति ने सुरक्षा में गंभीर चूक पर चिंता जताई। इससे पहले इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में भी उठाया गया। वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने चीफ जस्टिस के सामने इस मामले को रखते हुए घटना पर रिपोर्ट लेने और पंजाब सरकार को दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश देने की मांग की। वहीं कोर्ट ने याचिका की कॉपी पंजाब सरकार को सौंपने को कहा। कल यानी शुक्रवार को इस पर सुनवाई होगी। वहीं इस मामले में अब पंजाब सरकार ने उच्च स्तरीय कमिटी का गठन किया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि समिति में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मेहताब सिंह गिल और प्रमुख सचिव (गृह मामले एवं न्याय) अनुराग वर्मा शामिल होंगे। प्रवक्ता ने कहा कि समिति तीन दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी।

उपराष्ट्रपति ने की पीएम मोदी से बात: उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने पंजाब दौरे के दौरान सुरक्षा चूक पर पीएम मोदी से बात की और गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में हुई इस चूक पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, उपराष्ट्रपति ने अपेक्षा की कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं जिससे भविष्य में दोबारा इस प्रकार की चूक न हो।

उपराष्ट्रपति ने भी जताई चिंता

सीएम भूपेश ने कहा-प्रधानमंत्री ने सुरक्षा को लेकर किया ड्रामा, भाजपा ने दिया जवाब

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री की सुरक्षा मामलें में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया है। सीएम बघेल ने मीडिया से रूबरू होते हुए बोले कि पीएम की सुरक्षा तो एक बहाना है, वह पंजाब में केवल राजनीति चमकाने गए थे। उन्होंने कहा कि बंठिडा वापस आकर बयान देते हैं कि मैं सुरक्षित लौट आया इसलिए धन्यवाद। क्या आपकी गाड़ी पर पथराव हुआ, क्या आपको काले झंडे दिखाए गए? ऐसी क्या घटना घट गई कि आपको ये बयान देने की जरूरत पड़ी, इसका मतलब है कि आप विशुद्ध रूप से राजनीति कर रहे हैं।

भीड़ की जगह लगी थी खाली कुर्सियां

बघेल ने कहा कि क्या भारत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा ने कहा- पहले अपना घर संभाल लें

मुख्यमंत्री भूपेश के पीएम सिक्योरिटी पर दिए बयान के बाद भाजपा के पूर्व मंत्री और प्रवक्ता राजेश मूणत ने सुरक्षा में चूक करार देते हुए पंजाब सरकार को जिम्मेदार ठहराया। मूणत ने छत्तीसगढ़ सरकार को पहले अपने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को ठीक करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पंजाब के विषय को छोड़कर पहले अपना घर संभाल ले। छत्तीसगढ़ में हालात क्या है, ये सभी जान गए हैं। पंजाब में क्या हुआ, इस बात को भूपेश बघेल कैसे कह रहे हैं,जबकि पंजाब के मुख्यमंत्री ने खुद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गृह मंत्रालय ने लगाया पंजाब सरकार पर आरोप

गृह मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम और ट्रेवल प्लान के बारे में पंजाब सरकार को पहले ही बता दिया गया था। उन्हें इससे जुड़े इंतजाम करने थे, जो नहीं किए गए। गृह मंत्रालय ने कहा कि जब यात्रा मार्ग बदल गया तो पंजाब सरकार को अतिरिक्त सुरक्षा तैनाती करनी थी ताकि सड़क मार्ग से यात्रा सुरक्षित रहे, लेकिन अतिरिक्त इंतजाम नहीं किए गए।

क्या है मामला

बुधवार को पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फि रोजपुर में दौरा था। भारी बारिश के कारण पीएम को सड़क ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर एम्स में कोरोना ब्लास्ट

3 सीनियर डॉक्टर, 19 छात्र और 14 छात्राएं पॉजिटिव

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के एम्स में गुरुवार को कोरोना ब्लास्ट हुआ। एक साथ 36 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिससे पूरे कैंपस में हड़कंप मच गया। सभी को क्वारेंटाइन कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी के रायपुर एम्स के 3 सीनियर डॉक्टर के साथ-साथ इंटर्न कर रहे 19 छात्र और 14 छात्राएं पॉजिटिव पाई गई हैं। सभी छात्रों को हॉस्टल में आइसोलेट किया गया है। एम्स रायपुर ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

एम्स डायरेक्टर डॉ.नागलकर ने ट्वीट कर कहा कि आवश्यकता पड़ने पर इनके लिए विशेष वार्ड की व्यवस्था की जा सकती है। किसी भी इंटर्न को हॉस्टल खाली करने के लिए नहीं कहा गया है। इस संबंध में जो सूचना प्रसारित की जा रही है वह पूर्ण रूप से आधारहीन है। इंटर्न को संबंधित हॉस्टल में आइसोलेट कर दिया गया है। सभी इंटर्न की स्थिति सामान्य है।

इटली से अमृतसर पहुंची फ्लाइट में 125 यात्री पॉजिटिव

नई दिल्ली (ए.)। इटली से अमृतसर पहुंचे अंतरराष्ट्रीय चार्टर फ्लाइट में कोरोना का विस्फोट हुआ है। फ्लाइट में 125 यात्री कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। एयरपोर्ट के डायरेक्टर वीके सेठ ने जानकारी दी कि इस विमान में कुल 179 यात्री मौजूद थे। इस घटना के बाद से पूरे एयरपोर्ट में हड़कंप मच गया है। इन सभी यात्रियों को क्वारंटाइन कर दिया है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 1.30 बजे अमृतसर हवाईअड्डे पर इटली से उतरे चार्टर विमान यूयू-661 में कुल 179 यात्री सवार थे। चूंकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इटली जोखिम वाले देशों में से एक है, तो कोरोना प्रोटोकॉल के तहत 160 यात्रियों का कोरोना टेस्ट किया गया, जिसमें 125 कोरोना संक्रमित पाए गए। अधिकारियों के मुताबिक, बाकी यात्रियों में 19 बच्चे थे, जिन्हें नियमानुसार कोरोना टेस्ट की छूट है। जानकारी मिली है कि इटली के मिलान और पंजाब में अमृतसर के बीच चार्टर उड़ान पुर्तगाली कंपनी यूरोअटलांटिक एयरवेज द्वारा संचालित की गई थी। गुरुवार को जब इन यात्रियों की आरटीपीसीआर रिपोर्ट आई तो पता लगा कि 179 यात्रियों में 125 यात्री कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

महामारी के बाद भारत में असमानता घटी : रिपोर्ट

दिल्ली (ए.)। अमेरिका की एक गैर सरकारी संस्था एनबीईआर ने एक अध्ययन के बाद कहा है कि महामारी के दौरान भारत में असमानता कम हुई है. ऐसा दो आधार पर आंका गया है.पिछले महीने प्रकाशित हुए एक अध्ययन के नतीजे कहते हैं कि भारत में महामारी के दौरान असमानता कम हुई है. अमेरिकी संस्था नेशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च ने एक अध्ययन के बाद कहा है कि सख्त कोविड लॉकडाउन के बाद भारत में असमानता में कमी आई है. 'इनइक्वॉलिटी इन इंडिया डिक्लाइन्ड ड्यूरिंग कोविड' शीर्षक से प्रकाशित इस अध्ययन के नतीजों की अभी अन्य शोधकर्ताओं ने समीक्षा नहीं की है. शोध कहता है कि दो अर्थों में भारत में कोविड के दौरान असमानता कम हुई है. यह शोध स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनस के अर्पित गुप्ता, न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी के अनूप मलानी और शिकागो लॉ स्कूल के बार्टोस वोदा न मिलकर किया है. इस शोध के मुताबिक, भारत में धनी लोगों के धन में गरीबों के मुकाबले ज्यादा गिरावट आई है. दूसरे, बहुत थोड़ी सी गिरावट उपभोग को लेकर असमानता में भी देखी गई है. अन्य शोध कुछ और कहते हैं शोध के लिए आंकड़े सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी के कंज्यूमर पिरामिड्स हाउसहोल्ड सर्वे (सीपीएचएस) द्वारा किए गए अध्ययन से लिए गए थे.

नीट-पीजी पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा काउंसिलिंग करें शुरू

दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि नीट-पीजी प्रवेश के संबंध में अनिश्चितता को खत्म करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि केंद्र ने उससे काउंसिलिंग की अनुमति देने का अनुरोध किया है. केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि नीट-पीजी काउंसिलिंग शुरू होने दें. सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से जवाब मांगा है और कहा है कि नीट काउंसिलिंग पर अनिश्चितता खत्म होनी चाहिए. कोर्ट ने कहा केंद्र सरकार ने उससे काउंसिलिंग की इजाजत देने का अनुरोध किया है, जो मौजूदा समय में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 8 लाख रुपये की आय मानदंड के संबंध में उठाई गई आपत्तियों की पृष्ठभूमि के खिलाफरोक दी गई है. केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि सरकार ऐसी किसी भी स्थिति को मंजूर नहीं करेगी, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और ईडब्लूएस उस चीज से वंचित होते हों, जो उनका कानूनी अधिकार है. सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण और 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खराब मौसम की वजह से हुआ सीडीएस रावत का हेलीकॉप्टर क्रैश

■ **वायु सेना ने रिपोर्ट में हमले या तकनीकी खराबी की आशंका खारिज की**

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय वायुसेना ने सीडीएस बिपिन रावत को लेकर जा रहे एमआई-17 हेलीकॉप्टर हादसे की जांच रिपोर्ट बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सौंप दी है। हालांकि, जांच रिपोर्ट के तथ्यों को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है लेकिन सूत्रों का कहना है कि अचानक घने बादल छाने के कारण हेलीकॉप्टर ने नियंत्रण खोया, जिससे यह सतह से टकराया। जांच रिपोर्ट में किसी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी या हमले की आशंका को खारिज किया गया है।

यह हादसा विगत 8 दिसंबर को हुआ था। इसमें सीडीएस बिपिन रावत उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सियासत... मुख्यमंत्री बघेल व विधायक देवेंद्र के करीबी हैं नीरज, रूठे पार्षदों को अब एमआईसी में शामिल करने की चर्चा

नीरज पाल भिलाई के नए मेयर, गिरवर सभापति

भिलाई (नवप्रदेश)। भिलाई में जब कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन की कवायद प्रारम्भ की तो लगातार तीन बार के पार्षद रहे नीरज पाल के नाम के साथ अचानक ही उनका उपनाम वर्मा भी लिखा देखने को मिला। तभी से यह कयास लगने शुरू हुए कि दाल में कहीं-कुछ काला है। दरअसल, नीरज पाल का नाम तभी तय कर लिया गया था। बस यह बताने की आवश्यकता थी कि नीरज पाल विशुद्ध छत्तीसगढ़िया हैं। कांग्रेस ने उन्हें वार्ड क्रमांक 60 सेक्टर-5 पश्चिम से प्रत्याशी बनाया और वे बड़ी लीड से जीतने में भी कामयाब रहे। महापौर पद के लिए जब आधा दर्जन नाम सामने आए तो उनमें से एक नाम नीरज पाल का भी था, लेकिन उन्होंने महापौर के लिए स्वयं होकर दावेदारी नहीं की। बड़ी सहजता और सरलता के साथ वे पार्टी के तमाम पार्षदों के साथ पुरी टूर का लुत्फ लेते रहे। शायद उनके भीतर यह भरोसा पहले से ही था कि देर-सबेर भिलाई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर में पिलाई घुट्टी, फिर भी हो गया बवाल

भिलाई नगर निगम में महापौर के लिए आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार थे। पार्टी को यह अंदेशा था कि इनमें से कुछ दावेदार गड़बड़ कर सकते हैं। कई ने तो पुरी टूर के दौरान लामबंदी के प्रयास भी किए थे। इसीलिए उन्हें टूर पर भेजने के दौरान बार-बार अनुशासन और एकता की घुट्टी पिलाई जाती रही। कल जब सभी पार्षदों को रायपुर के एक होटल में ठहराया गया तो वहां भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पार्षदों से वन टू वन बातचीत कर उनके भीतर की बगावत को निकालने की चेष्टा की थी। पार्षदों को बार-बार इस बात का अहसास कराया गया कि प्रत्याशी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेन्द्र यादव की पसंद का होगा। अब जो वरिष्ठ पार्षद महापौर और सभापति के पद से वंचित रह गए हैं, उन्हें एमआईसी में शामिल करने की चर्चा है।

नीरज को मिले 44 वोट, 2 भाजपा पार्षदों ने की क्रास वोटिंग

कांग्रेस प्रत्याशी नीरज पाल को कुल 44 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी महेश वर्मा को 22 वोट ही मिल पाए। कांग्रेस के कुल 37 पार्षद निर्वाचित हुए थे। कुल 44 मत मिलने से स्पष्ट है कि नीरज पाल को कुल 5 निर्दलीयों और 2 भाजपा पार्षदों का साथ मिला। नीरज पाल लगातार चौथी बार पार्षद का चुनाव जीते। उन्हें सुलझा हुआ और शांत मिजाज नेता माना जाता है। भिलाई नगर निगम के वे पांचवें महापौर होंगे। एक बार भाजपाई महापौर को छोड़ दें तो यह चौथा अवसर है, जब भिलाई में कांग्रेस का महापौर बना। भाजपा ने महापौर के लिए अपने सीनियर पार्षद महेश वर्मा का नामांकन दाखिल कराया था। वहीं श्याम सुंदर राव को सभापति प्रत्याशी बनाया गया। राव पहले भी सभापति रह चुके थे। वहीं अपील समिति में कांग्रेस के सेवन कुमार, अंजु सिन्हा, रविशंकर व सुभम झा ने नामांकन भरा।

130 लोगों को कुर्की वारंट जारी होने से मचा हड़कंप, वारंट मिलते ही बकाया जमा कर रहे

दुर्ग। लंबे समय से कर का भुगतान नहीं करने वाले बकायादारों पर निगम ने एक बार फिर शिकंजा कसना शुरू किया है तो 130 लोगों को कुर्की वारंट जारी होने से हड़कंप, वारंट मिलते ही बकाया जमा कर रहें लोग 130 बकायादारों की संपत्ति कुकी करने निगम ने वारंट जारी किया गया। हितग्राही द्वारा कुकी के लिए निगम ने दो टीम बनाई गई थी।

निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि इन बकायादारों का बकाया कर का भुगतान करने के लिए पहले भी डिमांड नोटिस जारी किया जा चुका है। लेकिन बकायादारों पर इसका असर देखने को नहीं मिला था कुकी वारन्ट जारी होते ही लोग बकाया राशि जमा करने कर रहे। आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि कर का भुगतान नहीं किए जाने की सूरत में करदाताओं की संपत्ति कुर्क किए जाने का प्रावधान है।

निगम ने 9 लोगों से वसूला 1 लाख 46 हजार 753 रुपए

ऐसे 130 बकायादारों की संपत्ति कुर्क करने वारंट जारी किया गया है। कुंर्की के लिए दो टीम भी बनाई गई है। जिसमें निगम के राजस्व विभाग ने लोगों से बकाया राशि लेने पहुंचे। इन लोगों ने पटाया अपना बकाया राशि

सावित्री सोनी वार्ड क्रमांक 7 द्वारा 28196 रुपए बी पी अग्रवाल वार्ड क्रमांक 13 द्वारा 5544 रुपए सुंदर लाल गुप्ता वार्ड क्रमांक 1 के द्वारा 10728 रुपए रतन लाल जैन वार्ड क्रमांक 38 द्वारा 10200 हेमराज जैन वार्ड क्रमांक 38 द्वारा 9924 हीरालाल लाखे वार्ड क्रमांक 31 द्वारा 35629 जगदीश चक्रधारी वार्ड क्रमांक 35 द्वारा 15881 अंबादास नारायण दास वार्ड क्रमांक 140 द्वारा 4155 पुष्पा शर्मा वार्ड क्रमांक 140 द्वारा 11496 रुपए अब तक कुल 146753 रुपए निगम कोष में जमा हुआ।

विचक्षण जैन विद्यापीठ में चतुर्थ खेल महोत्सव में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

कुम्हारी। अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बच्चों ने विभिन्न खेलों में सफलता प्राप्त कर स्कूल समिति के पदाधिकारियों सहित प्रिंसिपल डायरेक्टर के हाथों पुरस्कृत हुए। विद्यापीठ के चारों सदनों के मध्य आयोजित विविध खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पूरे जोश व उत्साह से सहभागिता सुनिश्चित की। आर्य, धैर्य, शौर्य,और वीर्य सदनों ने वर्गीकृत विद्यार्थियों ने अपने अपने सदन के लिए जी जान से खेला। किकेट, वालीबॉल, चार सौ मीटर दौड़ व रस्साकसी में बड़ी कक्षाओं के बच्चों ने हिस्सा लिया। कक्षा दो से छह के बच्चों ने जुम्बा, ऐरोबिक्स व अन्य शारीरिक गतिविधियों का रंगारंग और संगीतमय प्रस्तुति दी। आर्य सदन विजेता घोषित हुआ। खेल विभाग प्रमुख सुनील डड़सेना ने बच्चों को विभिन्न खेलों के लिए प्रक्षिशित किया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश कांकरिया, महामंत्री प्रकाश चंद मालू, कोषाध्यक्ष राजेश सावनसुखा, ट्रस्टी शिशिर सेठिया, प्रिंसिपल डायरेक्टर कल्पना ने विजेताओं को मैडम से पुरस्कृत किया।

नवनिर्वाचित महापौर व सभापति सहित पार्षदों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर लिया आशीर्वाद

कुम्हारी। भिलाई चरोदा नगर पालिका निगम में 20 साल बाद पहली बार कांग्रेस के समर्थन में महापौर व सभापति दोनों के बनते ही नवनिर्वाचित महापौर निर्मल कोसरे व सभापति कृष्णा चंद्राकर ने मुख्यमंत्री के निजी निवास स्थान पहुच कर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल, चैतन्य बघेल से मिलकर आर्शीवाद लिया एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के आदर्शों पर चलते हुए विकास कार्यों सहित नगर की जनता के प्रति विश्वास कायम रखने की बात कहीं।

नई टाटा स्काई लिफ्ट मशीन पहुंची निगम

दुर्ग। नगर पालिक निगम परिसर में विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने विद्युत विभाग प्रभारी भोला महोविया के साथ डाटा स्काई लिफ्ट हाइड्रोलिक मशीन का पूजा पाठ कर शुभारंभ किया गया। मौके पर लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, एल्डरमैन राजेश शर्मा, अजय गुप्ता, सहायक अभियंता आरके जैन, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थावनी, वीरेंद्र ठाकुर, गैरेज प्रभारी शौयब अहमद, सूरज सारथी, गुड्डु यादव समेत अन्य मौजूद थे। ट्यूबलर पोल व हाई मास्क लाइटों का जो लंबे समय से बंद है अब जल्द सुधरेगा,निदान 1100 में मिली बन्द लाइटों की शिकायत जनप्रतिनिधियों और आम जन की शिकायतों का जल्द होगा निराकरण। 13 मीटर अधिक तक ऊँचाई तक खंबो में विद्युत संधारण कार्य करने की क्षमता हाइड्रोलिक मशीन रखती है, जो कि बिजली विभाग में कार्य हेतु उपयोग की जाएगी, शहर के खम्बो में बिजली से कोई भी समस्या जिसे की हाइटेंशन वायर, बिजली खंबो का निराकरण मशीन के माध्यम से किया जा सकता है। इसमें शहर के स्ट्रीट लाइट की संख्या 20 हज़ार व ट्यूबलर पोल एवं हाई मास्क लाइटों के बन्द शिकायत का जल्द होगा निदान। हाइड्रोलिक मशीन में बीएस - 6 डीजल वाहन है। बिजली के किसी भी संचरण के परिणाम स्वरूप है।

दें बेहतर प्लान और 5 लाख का ले जाए ईनाम

■ चार अलग थीम पर प्रतियोगिता

रिसाली। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए केन्द्र सरकार चार अलग-अलग थीम पर प्रतियोगिता आयेजित कर रही है। इस बार प्रतियोगिता में बेहतर प्लान तैयार कर जमा करना होगा। प्लान स्वीकृत होने पर 75 हजार से 5 लाख रूपये केन्द्र सरकार पुरस्कार के रूप में देगी। अलग-अलग थीम पर स्लाइट तैयार कर प्रदर्शन के लिए 12 जनवरी तक जमा करना अनिवार्य है।

रिसाली नगर पालिक निगम के आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत केन्द्र सरकार हर साल अलग-अलग थीम पर प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत करती है। इस बार आम नागरिकों से केन्द्र सरकार, कचरा प्रबंधन, कलेक्शन और उसके निष्पादन के लिए सुझाव के साथ विस्तृत प्लान मांग रही है। बेहतर चयनित प्लान को पूरे देश में लागू किया जाएगा। साथ ही प्लान तैयार करने वालों को अलग-अलग श्रेणी में 75 हजार से 5 लाख तक का पुरस्कार स्वरूप राशि देगी। आयुक्त ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हर वर्ग का व्यक्ति हिस्सा ले सकता है।

यहां से ले जानकारी

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने और विस्तृत जानकारी के लिए समाज सेवी संगठन के सदस्य, विद्यार्थी, युवा वर्ग व सामान्य नागरिक रिसाली नगर पालिक निगम के रिसाली बस्ती स्थित गायत्री मंदिर के निकट संचालित जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

ये है थीम

रिसाली नगर पालिक निगम में पदस्थ समन्वयक टी कश्यप व आकाश मिश्रा ने बताया कि सोशल इन्कूलजन के तहत हर घर से निकलने वाले कचरा का प्रबंधन, कचरा कलेक्शन पर प्रोजेक्ट तैयार करना है। जीरो डंप थीम के अंतर्गत कचरा कलेक्शन पर लगे वाहन के साथ-साथ संसाधनों पर स्लाइड तैयार कर प्रस्तुत किया जा सकता है। इसी तरह प्लास्टीक वेस्ट मेनेजमेंट व ट्रासपरेंसी पर भी प्लान मांगा गया है। जिसके तहत सीवरेज लाइन और सैप्टिक टैंक से निकलने वाली गंदगी को किस तरह सुरक्षित तरीके से नष्ट किया जाए इस विषय पर प्रोजेक्ट जमा कर प्रतियोगिता में शामिल हो सकते है।

पुरस्कार राशि

- प्रथम - 5 लाख
- दूसरा - 2.50 लाख
- तीसरा - 1.50 लाख
- चैथा - 1 लाख
- पांचवा - 75 हजार

कोरोना की रोकथाम को लेकर सब मिलकर करें काम ताकि लॉकडाउन जैसे निर्णयों की जरूरत न पड़े : अपर कलेक्टर

■ एडीएम पद्मीनी भोई ने ली सभी वर्गों के प्रतिनिधियों की बैठक, कहा कोरोना संक्रमण की बढ़ती दर पर सामूहिक प्रयासों से मिलेगी रोकथाम में सफलता

दुर्ग। कोरोना संक्रमण की दर जिले में तेजी से बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में इसके नियंत्रण को लेकर प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इन कार्यो के लिए जनभागीदारी भी बेहद आवश्यक है। पूर्व में सभी वर्गों ने मिलजुलकर सामूहिक प्रयास कर कोरोना संक्रमण की स्थिति को संभालने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार भी सामूहिक प्रयासों से कोरोना संक्रमण के रोकथाम की दिशा में कारगर सफलता मिलने की आशा है। यह बात विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों की बैठक में अपर कलेक्टर पद्मिनी भोई ने कही। उन्होंने कहा कि आज इस बैठक का आयोजन कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर किया गया है। उद्देश्य यह है कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण को लेकर सभी वर्गों से फीडबैक लिये जाएं ताकि इन पर विचार विमर्श कर उपयुक्त रणनीति बनाई जा सके। अपर कलेक्टर ने सभी वर्गों के प्रतिनिधियों के सुझाव सुने और उन्हें आश्वस्त किया कि कोरोना संक्रमण को थामने को लेकर बनाई जा रही रणनीति के निर्माण में इन पर विचार किया जाएगा। बैठक में सीएमएचओ डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर ने कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति को लेकर जानकारी दी तथा सबसे एहतियात बरतने का आग्रह किया।

चेंबर ने दिये सुझाव-चेंबर के पदाधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन की कोरोना नियंत्रण को लेकर किये जा रहे प्रयासों के साथ वे खड़े हैं। जिस सेक्टर से संबंधित नियम निकालें जाएं, उससे जुड़े हुए व्यावहारिक पहलुओं पर ध्यान रखा जाए। जैसे रेस्टारेंट का समय अन्य दुकानों के समय से थोड़ा अलग होता है। टेस्टिंग की सुविधा बढ़ाई जाए, कोविड नियंत्रण को लेकर बनाये जा रहे वार रूम में चेंबर के पदाधिकारियों को भी बैठकों में शामिल करें ताकि ऐसा रास्ता निकल सके जिससे ग्राहकों और व्यापारियों दोनों को सुविधा हो। चेंबर ने कहा कि प्रशासन की हर संभव मदद करने के लिए चेंबर तैयार है और कोरोना नियंत्रण को लेकर किये जा रहे कार्यों में सहयोग को लेकर प्रशासन के साथ खड़ा है और जागरूकता अभियान में पूरी मदद करेगा।

आईएमए के पदाधिकारियों ने कहा संक्रमण के संबंध में करेंगे अधिक जागरूक-बैठक में कुछ सदस्यों ने कहा कि ओमिक्रान जैसे नये वैरियंट के देश में होने के समाचार मिले हैं। इनके लक्षणों के संबंध में भी अधिकाधिक जानकारी हो तो लोग जागरूक रहेंगे। इस पर आईएमए के पदाधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस संबंध में जागरूकता के लिए तैयार प्रचारित मटेरियल के प्रसार की दिशा में आईएमए कार्य करेगा और स्वास्थ्य विभाग के साथ पूरी तरह से सहयोग करेगा।

कलेक्टर भुरे ने किया स्वास्थ्य विभाग के कैलेंडर का विमोचन

दुर्ग । कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के कैलेंडर का विमोचन किया। कैलेंडर में दुर्ग जिले में स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों से संबंधित चित्र और सामग्री साझा किये गये हैं। इनमें कोविड कंट्रोल को लेकर किये गये प्रयासों के साथ ही जिला चिकित्सालय में नई चिकित्सकीय सुविधाएं, स्वास्थ्य केंद्रों में अन्य सुविधाएं एवं हेल्थ के क्षेत्र में नई अधोसंरचनाओं पर किया जा रहा कार्य भी शामिल है। कलेक्टर से आज स्वास्थ्य विभाग का प्रतिनिधिमंडल मिला। कलेक्टर ने कैलेंडर की सामग्री देखकर प्रशंसा व्यक्त की। सीएमएचओ डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर ने इस मौके पर कलेक्टर को बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर साल जिले में कैलेंडर का प्रकाशन किया जाता है और कोशिश की जाती है कि हर बार अलग थीम पर कैलेंडर जारी हो और इसके माध्यम से जिले में हो रहे स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की जानकारी दी जाए। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. पी बालकिशोर, जिला मलेरिया एवं टीकाकरण अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, जिला चिकित्सालय के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अरुण साहू, जीवन दीप समिति के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप ठाकुर एवं दुष्यंत देवांगन भी उपस्थित थे।

दो शासकीय स्कूलों ने शत-प्रतिशत बच्चों को लगवाया टीका

दुर्ग। अपने स्कूल की बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता अपने बच्चों की तरह करने का उदाहरण दुर्ग जिले में मिल रहा है और प्राचार्य तथा शिक्षक हितग्राही बच्चों को टीका लगवा रहे हैं। कुछ मामलों में तो इसमें कमाल हुआ है जैसे कैंप 2 स्कूल पावरहाउस एवं शासकीय हाइस्कूल पुलगांव में लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। यहां शासन द्वारा निर्धारित आयु वर्ग 15 से 18 वर्ष के हितग्राही सभी बच्चों को टीका लगाया जा चुका है। कैंप 2 स्कूल की प्राचार्य शैलजा राजेंद्रन उन बच्चों के घर भी गईं जिनके अभिभावक टीका लगाने में परहेज कर रहे थे और अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट आलोक सौंधी आ. स्व. नरेश चन्द सौंधी रजिस्ट्रेशन नं. - 20211210040529

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका आलोक सौंधी आ. स्व. नरेश चन्द सौंधी निवासी एच.आई.जी. 27 पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पाटियाकला प.ह.न. 23 तह. व जिला दुर्ग	97/49 97/51	0.022, 0.020 हे. कुल 0.042 4600 वर्गफीट	व्यवसायिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202103100400024

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका निर्मल कुर्रे पति कल्याण सिंह निवासी औरी तह. पाटन द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 942/13 रकबा 0.017 हें/ 1850 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202103100400532

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जुड़ावन आ. जजनी निवासी गोल्डन चौक धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 130/1 रकबा 0.078 हें/ 8395 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति प्रियंका गुप्ता पति जितेन्द्र गुप्ता निवासी मकान नं. 139/के.एच. वार्ड क्र. 02 राजीव नगर शिव नगर दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 582/62 रकबा 700 वर्गफीट भूमि को विक्रेता के आममुख्तयार प्रिया सिंह भरद्वाज पिता/पति धनश्याम सिंह भरद्वाज से दिनांक 23/12/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 18.01.2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र 202201101200010/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अर्पित ताम्रकार अन्य पिता/पति दशरथ लाल ताम्रकार निवासी होटल मान के पीछे दुर्ग (छ.ग.) मौजा बिरेझर प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. अंजोरा (ख) तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1876/1 रकबा 0.03 हे. भूमि को विक्रेता के कृष्णा पिता/पति सुखरू से दिनांक 02/11/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 17.01.2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112100900118/202112100900118
विषय: अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

गोड़पेंडरी प.ह.न. 00023 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / पुष्पा साहु अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम गोड़पेंडरी प.ह.न 23 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पा साह पति शिवाजी साह निवासी नेहरू नगर पाटली पु पटना बोरिंग रोट पटना बिहार द्वारा ग्राम गोड़पेन्ड्री ह.नं.- 23 तह. पाटन स्थिति भूमिस्वामी एन.पी. खरे अन्य के नाम दर्ज भूमि ख.नं. 241 रकबा 3800 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 04/08/2021 से क्रय आधार पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदिका पुष्पा साह पति शिवाजी शाह निवासी नेहरू नगर पाटली पु पटना बोरिंग रोट पटना बिहार द्वारा पंजीकृत बैनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 19/01/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.12.2021 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरी पक्षकारा आकांक्षा के दस्तावेजों में पिता के नाम के स्थान पर सुदर्शन कुमार दर्ज है जिसे सुधार कर कुल नाम सहित भविष्य में सभी दस्तावेजों में पूरा नाम सुदर्शन कुमार यम्बड़वार करना चाहती है। मेंरी पक्षकारा अपने पिता के पूर्व का नाम सुदर्शन कुमार को परिवर्तित कर कुल नाम सहित नया नाम सुदर्शन कुमार यम्बड़वार करना चाहती है। उक्त परिवर्तित नाम सुदर्शन कुमार यम्बड़वार छ.ग. राजपत्र में प्रकाशित कर भविष्य में अपने सभी दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहती है। मेरी पक्षकारा के पिता का परिवर्तित नाम सुदर्शन कुमार यम्बड़वार छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन होने के उपरांत मेरी पक्षकारा के पिता को उनके नए नाम सुदर्शन कुमार यम्बडवार से जाना व लिखा पढ़ा जावेगा।

अधिवक्ता
संजीव मिश्रा
मो. नं. 8435051033

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202201100600006

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मदनधर दीवान पिता श्री लखनधर दीवान निवासी डगनिया रायपुर तह.व जिला रायपुर छग के द्वारा ग्राम अलमेश्वर प.ह.नं. 05 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 254/3 रकबा 0.0400 हें/ 4490 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 17/01/22 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202201100600002

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरला पटेल पति श्री रामनरेश पटेल निवासी न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर तह.व जिला रायपुर छग के द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं. 08 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1588/10 रकबा 0.0400 हें/ 4290 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 17/01/22 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202201100600007

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मनोज कुमार रस्तोगी पिता श्री ए.के. रस्तोगी निवासी डंगनिया बाजार न्यू शांति नगर रायपुर तह.व जिला रायपुर छग के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 05 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 656/70 रकबा 0.0200 हें/ 2200 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 17/01/22 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202201100600003

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरला पटेल पति श्री रामनरेश पटेल व अन्य 01 निवासी न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर तह.व जिला रायपुर छग के द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं. 08 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1590/2 रकबा 0.0300 हें/ 3025 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 17/01/22 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202201100600004

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक शिवकुमार शुक्ला पिता श्री रामचंद शुक्ला निवासी जामगांव (एम) तह.पाटन व जिला दुर्ग छग के द्वारा ग्राम जामगांव (एम) प.ह.नं. 16 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 161 रकबा 0.0700 हें/ 7534 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 17/01/22 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202201100600005

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मुरलीधर दीवान पिता श्री मनराखनधर दीवान निवासी जामगांव (एम) तह.पाटन व जिला दुर्ग छग के द्वारा ग्राम जामगांव (एम) प.ह.नं. 16 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 138/7 रकबा 0.1200 हें/ 13000 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 17/01/22 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कोविड रोकथाम के लिए प्रभारी मंत्री चौबे ने ली बैठक, तैयारियों को लेकर अफसरों से की चर्चा

■ सतर्कता, सजगता और सभी आवश्यक तैयारियां करने पर जोर

■ अधिकारियों, आई.एम.ए, चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ प्रभारी मंत्री ने विचार-विमर्श किया

रायपुर/नवप्रदेश। कोविड के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम की दृष्टि से रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने आज रेडक्रास सोसायटी के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस संबंध में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, पुलिस, जिला पंचायत के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन तथा छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ कोरोना की वर्तमान व्यापक संक्रमण से निपटने के लिए प्रस्तावित कार्यो एवं प्रतिबंधों पर विचार-विमर्श किया।

प्रभारी मेंत्री ने रविन्द्र चौबे ने रायपुर जिले में किए गए तैयारियों का आडियो-वीडियों प्रदर्शन के माध्यम से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि रायपुर जिला प्रशासन ने पिछले दो वर्षो में कोविड से निपटने में कड़ी मेहनत की थी। वर्तमान में भी रायपुर जिला प्रशासन के साथ-साथ यहां के नागरिकों, स्वास्थ्य कर्मियों, कोरोना वालियंटर्स, जनप्रतिनिधियों, व्यापारी एवं औद्योगिक संगठनों तथा मीडिया के सहयोग से इस जंग को जीतना है।

उन्होंने कहा चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में कोरोना का संक्रमण दर अधिक है लेकिन उसकी घातकता कम है। उन्होंने कहा इससे भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन पूरी सतर्कता, सजगता और सभी आवश्यक तैयारी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा राज्य शासन इस संबंध में पहले से ही सतर्क है तथा माननीय मुख्यमंत्री एवं राज्य शासन द्वारा पहले से ही गाईडलाइन दिए गए है। प्रभारी मंत्री ने जिला प्रशासन से कहा कि कोरोना से निपटने के लिए किसी भी प्रकार की धन-राशि या बजट की कमी नहीं है, आवश्यकता पड़ने पर हर संभंव कार्य किए जाए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने पहले ही स्पष्ट कर लिया है कि कॉमर्शियल एक्टीविटिस पर प्रतिबंध अंतिम अस्त्र के रूप में ही लगाया जाएगा लेकिन सभी नागरिकों, व्यापारियों, संस्थाओं के लिए यह बेहद जरूरी है कि बाजार एवं अन्य सार्वजनिक भीड़-भाड वाले स्थलों पर मास्क अनिवार्य रूप से पहने, सोशल डिस्टेसिंग का ध्यान रखे तथा सेनिटाइजर का उपयोग करे। इसी तरह कोरोना गाईडलाइन का अनिवार्यतः रूप से पालन करें। उन्होंने कहा कि किसी को भी कोरोना का लक्षण होते ही तत्काल कोरोना की जांच कराया जाना चाहिए।

बैठक में कलेक्टर सौरभ कुमार ने बताया कि पिछले सप्ताह रायपुर जिले में 26 हजार 825 नागरिकों की कोरोना जांच की गई जिसमें 775 पॉजिटिव पाए गए। पॉजिटिवी रेट 2.89 प्रतिशत् थी तथा दो लोगों की मृत्यु कोरोना से हुई। उन्होंने कहा कि रायपुर जिले में 15 से 18 वर्ष के बच्चों में टीकाकरण करने के साथ-साथ अधिक से अधिक नागरिकों के कोरोना टेस्ट पर व्यापक रूप से जोर दिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य प्रतिदिन कम से कम 6 हजार कोरोना टेस्ट करने का है।

उन्होंने कहा रायपुर जिले में एम्स,मेडिकल कॉलेज सहित तीन डेडिकेटेड कोविड केयर सेंटर तथा 10 कोविड केयर सेंटर की व्यवस्था है। जिले में कोरोना मरीजों के लिए 1482 बेड की व्यवस्था है। जिसमें से 336 बेड ऑक्सीजन सपोर्ट युक्त, 1146 बेड ऑक्सीजन पाइपलाइन सपलाई युक्त है। 51 आई.सी.यू बेड, 95 एच.डी.यु, 100 वेंटिलेटर तथा 9 ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था है। इसके अलावा 86 निजी अस्पतालों में भी ईलाज का सुविधा है। वर्तमान में केवल 2 प्रतिशत् संक्रमित मरीज अस्पतालों में ईलाज करा रहे है। शेष मरीज होम आईसोलेशन के तहत चिकित्सा सुविधा ले रहे है।

प्रभारी मंत्री के पूछे जाने पर कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड चिकित्सालयों में भी कोरोना बेड और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की व्यवस्था है। जरूरत पड़ने पर निजी क्षेत्रों के चिकित्सकां की सहायता भी ली जाएगी। उन्होंने कहा होम आइसोलेशन के तहत अधिकांश मरीज ठीक होना चाहते है। इसके लिए 24 घंटे जारी रहने वाला कंट्रोल रूम बनाया गया है। ऐसे सभी मरीजों को दवाइयों के साथ-साथ फोन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श भी प्रतिदिन नियमित रूप से दिया जाता है।

न्यूज गैलरी

3 सफल स्टार्टअप को मिलेगा जसराज बरडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड

रायपुर/नवप्रदेश। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफरायपुर हेरिटेज द्वारा प्रसिद्ध ज्वेलरी संस्थान,.ज्ञ के संस्थापक एवं समाजसेवी जसराज बरडिया के नाम से प्रदेश के तीन सफल स्टार्टअप को एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा. अवॉर्ड के संयोजक एवं रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष सनत जैन ने बताया कि जसराज बरडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड उन सफल व्यावसायियों को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने स्टार्टअप व्यवसाय का विगत तीन वर्षो से सफलतापूर्वक संचालन किया हो.

संयोजक जैन ने बताया कि चयन का विशेष मापदंड रखा गया है. इसमें पूंजी, लाभ, मजदूरों/कामगारों को सुविधा आदि का आकलन किया जाएगा. इन मापदंडों पर खरा उतरने वाले 3 स्टार्टअप को स्मृति चिन्ह रुपए दिए जाएंगे. दो सफल प्रतियोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा.

रायपुर के 465 स्थानों में बच्चों का टीकाकरण, कलेक्टर ने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में 3 जनवरी से 15 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का कोविड -19 टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। इसके तहत 14 जनवरी तक जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 465 शैक्षणिक संस्थानों, स्कूल, कॉलेज और आई.टी.आई में टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जा रहा है।इसके तहत रायपुर शहरी क्षेत्र में 300, बीरगांव में 15, आरंग में 56, धरसीवां में 33, अभनपुर में 22 और तिल्दा में 39 शैक्षणिक संस्थानों में टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर रायपुर सौरभ कुमार ने इन संस्थान के शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा अन्य स्टॉफ तथा कम्प्यूटर सिस्टम सहित कम्प्यूटर आपरेटर की नामजद ड्यूटी टीकाकरण सत्र स्थल में लगाने के निर्देश संबंधित विभाग एवं अधिकारियों को दिए है। जिससे बच्चों एवं अभिभावकों की काउसलिंग की जा सकें तथा टीकाकरण सत्र व्यवस्थित एवं कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने हुए बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके। इसके तहत को-वैक्सिन का टीका लगाया जा रहा है।

महापौर एजाज ढेबर के 2 साल पूर्ण, जनता के सामने रखी अपनी उपलब्धियां

रायपुर/नवप्रदेश। 2 साल पहले 6 जनवरी 2020 को एजाज ढेबर महापौर के रूप में चुने गए थे. 2 वर्ष के कार्यकाल पूरा करने के बाद गुरुवार को महापौर एजाज ढेबर ने प्रेसवार्ता कर अपने कामों की उपलब्धियां गिनाई. उन्होंने प्रेसवार्ता कर जनता को अपने 2 साल के काम का हिसाब दिया. महापौर ने कहा 2 साल हम पूरे कर रहे हैं. जनवरी में शपथ लेने के बाद मार्च में कोरोना ने दस्तक दी. कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी हमने अवसर ढूंढा, बूढ़ा तालाब का कायाकल्प हुआ, स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरुआत हुई, स्वामी आत्मानंद स्कूल, सिटी कोतवाली थाना, जवाहर बाजार, कलेक्टर उद्यान, ऑक्सिजोन का निर्माण किया गया. साथ ही गोलबाजार का काम चालू है. मल्टीलेवल पार्किंग तैयार करवाया, पंडरी में भी गाड़ी पार्किंग के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है. अंतरराज्यीय बस टर्मिनल प्रारंभ किए, अब लगता है कि वाकई में रायपुर शहर राजधानी है. रात में स्विपिंग मशीन चलाई जा रही है जिसकी वजह से रायपुर का प्रदूषण नियंत्रण में है. उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छता को लेकर लगातार अवार्ड मिल रहे हैं. सफाईकर्मियों की सुरक्षा के लिए देश में चौथा स्थान मिला महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की व्यवस्था की गई है. तुंहर सरकार तुंहर द्वार के तहत 48 हजार जनता की समस्या का निराकरण किया गया.

विस अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने राजिम भक्तिन माता जयंती की दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा की, भगवान के प्रति अपार सेवाभाव रखने व पुण्य-प्रताप के कारण राजिम भक्तिन माता की अलग पहचान है। साहू समाज के हजारों श्रद्धालुओं की भक्तिन राजिम माता पर गहरी आस्था है। भक्तिन राजिम माता का त्याग, तपस्या और सत्कर्म हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। राजिम में महानदी और पैरी नदियों का संगम है। संगम स्थल पर 'कुलेश्वर महादेव' जी का प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर का संबंध राजिम की भक्तिन माता से है। छत्तीसगढ़ राज्य के राजिम क्षेत्र राजिम माता के त्याग की कथा प्रचलित है और भगवान कुलेश्वर महादेव का आशीर्वाद इस क्षेत्र को प्राप्त है।

राजधानी में न्यूनतम तापमान बढ़ने की संभावना, ठंड होगा कम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हवा की दिशा परिवर्तित होने के कारण नमी युक्त गर्म हवा आने से मौसम में मामूली परिवर्तन आया है. गुरुवार को छत्तीसगढ़ का मौसम शुष्क रहने की संभावना है। सुबह और शाम के समय राजधानी में अच्छी ठंड पड़ रही है। दिनभर धूप निकलने के बाद ठंड का एहसास कम हो रहा है, लेकिन शाम ढलते ही फिर से ठंड देखने को मिल रही है।

हवा की दिशा बदली

दक्षिण पूर्व से नमी युक्त अपेक्षाकृत गर्म हवा आ रही है। बुधवार को छत्तीसगढ़ में सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 8.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो गुरुवार यानी आज से साफ हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हवा की दिशा अब परिवर्तित हो गई है। बुधवार से हवा की दिशा दक्षिण पूर्व में हो गई है. नमी युक्त होने के साथ ही अपेक्षाकृत गर्म हवाएं आ रही है। छत्तीसगढ़ में मौसम साफ रहने की संभावना है और गुरुवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि के साथ ही न्यूनतम तापमान में आने वाले 3 दिनों में तीन से चार डिग्री की वृद्धि होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

ठंड की चपेट में कई जिले

मौसम को लेकर संभाग की बात की जाए तो सरगुजा संभाग के कोरिया, जशपुर और बलरामपुर सहित संभाग के दूसरे जिलों में भी ठंड पड़ रही है। इसी तरह बस्तर संभाग की बात करें तो बस्तर के नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और कांकेर के साथ ही दूसरे जिलों में भी ठंड देखने को मिल रही है। बिलासपुर संभाग के बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़ और कोरबा में भी अभी अच्छी ठंड पड़ रही है। दुर्ग संभाग के बेमेतरा कवर्धा और बालोद के साथ ही दूसरी जगहों पर भी अच्छी ठंड महसूस की जा रही है। रायपुर संभाग में राजधानी रायपुर के साथ ही धमतरी, महासमुंद और दूसरी जगह पर भी सुबह और शाम के समय अच्छी ठंड महसूस की जा रही है।

प्रमुख शहरों का तापमान

रायपुर का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री न्यूनतम तापमान 13.9 डिग्री। रायपुर के माना एयरपोर्ट पर अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रहा। बिलासपुर का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री रहा। पेंड्रा रोड का अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री रहा। अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री रहा। जगदलपुर का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री रहा। दुर्ग का अधिकतम तापमान 28 डिग्री न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री रहा। राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री दर्ज किया गया।

डॉ. डहरिया ने करोड़ों रूपए के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने रायपुर जिले के आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र आरंग के अंतर्गत करीब 10 करोड़ रूपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन निर्माण कार्यों में सामुदायिक भवन, शेड, रंगमंच, बाउंड्रीवाल, शाला भवन सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों की मांग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं आम लोगों द्वारा की जा रही थी। इन कार्यों के निर्माण कार्य होने जाने से लोगों को सुविधा होगी।

डॉ. डहरिया ने नगर पालिका परिषद आरंग के अंतर्गत किए गए भूमिपूजन कार्यों में 9 लाख 35 हजार रूपए की लागत से वार्ड क्रमांक 07 सामुदायिक भवन में शेड निर्माण, 15 लाख 2 हजार रूपए की लागत से वार्ड क्रमांक 10 में ब्राम्हण पारा में शेड निर्माण, 9 लाख 21 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 10 में गौरा गुड़ी के पास सामुदायिक भवन निर्माण, 5 लाख 03 हजार रूपए की लागत से वार्ड क्रमांक 14 में रंगमंच निर्माण, 5 लाख 3 हजार रूपए की लागत से वार्ड क्रमांक 14 में शनिदेव मंदिर के पास रंगमंच निर्माण, 19 लाख 13 हजार रूपए की लागत से मस्जिद के पास सत्संग हाल निर्माण, 10 लाख 12 हजार की लागत से सेन समाज सामुदायिक भवन हाल निर्माण, 5 लाख 56 हजार की लागत से पारधी समाज सामुदायिक भवन निर्माण, 10 लाख 12 हजार रूपए की लागत से गाड़ा समाज सामुदायिक भवन निर्माण एवं 20 लाख 57 हजार रूपए की लागत से आदिवासी समाज सामुदायिक भवन निर्माण, 12 लाख 81 हजार रूपए की लागत से अहीरवार समाज सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया।

इसी तरह से 15 लाख 3 हजार रूपए की लागत से सोनकर समाज सामुदायिक भवन निर्माण, 18 लाख 55 हजार रूपए की लागत से मुस्लिम समाज सामुदायिक भवन में बाउंड्रीवाल, किचन शेड एवं बाहरी विद्युतिकरण कार्य, 12 लाख 47 हजार रूपए की लागत से सतनाम भवन में पाथवे एवं बाउंड्रीवाल निर्माण, 14 लाख 42 हजार रूपए की लागत से वार्ड क्रमांक 13 में साहू समाज सामुदायिक भवन के चारों ओर बांउड्रीवाल निर्माण, 10 लाख 68 हजार रूपए की लागत से यादव समाज सामुदायिक भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण, 36 लाख 69 हजार रूपए की लागत से वार्ड क्रमांक 01 में चंद्राकर समाज सामुदायिक भवन में किचन शेड निर्माण तथा भू-तल में संधारण एवं शौचालय मरम्मत कार्य एवं 23 लाख 10 हजार रूपए की लागत से वार्ड क्रमांक 15 रविदास नगर में शासकीय प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष, बाउंड्रीवाल, शौचालय निर्माण, 14 लाख 88 हजार रूपए की लागत से इंडोर स्टेडियम में सिथेटिक कोट तथा हैण्ड बाल फोर्ट में फेंसिंग कार्य एवं सिथेटिक कोट प्रदाय एवं स्थापना कार्य का भूमिपूजन किया।

प्रदेश के किसानों ने किया सात लाख क्विंटल से अधिक पैरा दान

सीएम ने कहा- किसान भाइयों ने रखा मान

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के गांवों में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौठान बनाए गए है। इन गौठानों में गोधन के चारे एवं पानी का निःशुल्क प्रबंध गौठान समितियों द्वारा किया जाता है। पशुधन के लिए गौठानों में सूखे चारे का पर्याप्त प्रबंध हो सके इसके लिए सीएम भूपेश बघेल ने किसान भाईयों से आग्रह किया था कि धान की कटाई के बाद खेतों में पैरा को जलाने की बजाय अपने गांव की गौठान समिति को बीते वर्ष की भांति इस साल भी पैरा-दान करें। इस अपील के बाद 7 लाख 32 हजार 886 क्विंटल पैरा का दान गौठानों में किया गया।

सर्वाधिक पैरा देने वाले होंगे पुरस्कृत

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गौठानों में गौमाता के चारे की व्यवस्था के लिए पैरा-दान करने वाले राज्य के किसान भाईयों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि उनकी अपील का राज्य के किसान भाईयों ने न सिर्फ मान रखा है, बल्कि इस साल पराली भी नहीं जलाई है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य के किसान भाईयों ने अभी तक 7 लाख 32 हजार 886 क्विंटल पैरा का दान गौठान में गौमाता के चारे के लिए किया है, यह बेहद खुशी की बात है। मुख्यमंत्री ने गोधन के चारे के लिए सर्वाधिक पैरा-दान करने वाले कृषक एवं सर्वाधिक पैरा एकत्र करने वाली गौठान प्रबंध समिति को विकासखंड स्तर पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

विशेष निगरानी के निर्देश

मुख्यमंत्री बघेल ने गुरुवार को अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के तहत राशि अंतरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए किसान भाइयों को बधाई दी, साथ ही कहा कि अभी भी अनेक किसान भाईयों की खेतों में पैरा रखा है, उन्हें गौठानों को दिया जाए। उन्होंने कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह तथा गोधन न्याय योजना के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन से पैरा एकत्रीकरण के संबंध में विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टरों से इस काम को पूरा कराए की बात कही।

पराली न जलाने की थी अपील

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के किसान भाईयों से बीते दिनों गौठानों को पैरादान करने और खेतों में पराली न जलाने की अपील की थी। उन्होंने किसानों के नाम जारी अपील में कहा था कि पशुधन के लिए गौठानों में सूखे चारे का पर्याप्त प्रबंध हो सके, इसके लिए धान की कटाई के बाद खेतों में पैरा को जलाने की बजाय अपने गांव की गौठान समिति को पैरा-दान करें।

अंतर्राज्यीय शातिर चोर निकाल रहे थे एटीएम से रुपए, पेट्रोलिंग टीम पहुंचकर किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के एक एटीएम को तोड़कर नकदी निकालने वाले एक शातिर चोर को पुलिस ने धर दाबोचा है। पूछताछ में पता चला के आरोपी देशभर के अलग अलग राज्यों में घूम घूम कर एटीएम तोड़कर पैसा निकालता था। मिली जानकारी के मुताबिक 5-6 जनवरी मध्य रात्रि की ये घटना है। थाना मंदिर हसौद पुलिस की रात्रि गश्त पार्टी थाना क्षेत्र में गश्त कर रहीं थी, इसी दौरान मंदिर हसौद बस्ती स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम बूथ के अंदर एक व्यक्ति ए.टी.एम. मशीन को तोड़फ़ोड़ कर नगदी रकम चोरी करने का प्रयास कर रहा था।जिसे रात्रि गश्त ड्यिूटी में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा पकड़ा गया, व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम प्रीतम कुशवाहा निवासी सागर (म.प्र.) का होना बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी प्रीतम कुशवाहा द्वारा नगदी रकम चोरी करने के उद्देश्य से ए.टी.एम. मशीन में तोड़फ़ोड़ करना बताया गया। जिस पर आरोपी को थाना लाकर आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में धारा 457, 380, 511, 427 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया है।

प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन स्थगित किया गया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ढीमर समाज समाज महासभा रायपुर के तत्वाधान में बैठक कर आवश्यक सूचना दी गई कोरोना जैसे वैश्विक महामारी की तीसरी लहर की आशंका के दौरान राज्य सरकार के कोरोना गाइड लाइन के अनुसार प्रदेश स्तरीय सामाजिक युवक युवती परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम दलदल सिवनी रायपुर में दिनांक 9 जनवरी 2022 को रखा गया था जिसे सभी समाज के प्रमुखों परगना अध्यक्ष सचिव युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष को सूचित कर इस परिचय सम्मेलन कार्यक्रम को स्थगित किया जा रहा है अतः आप सभी सामाजिक सो जाती बंधुओं से करबद्ध निवेदन है कि इस करोना कॉल को देखते हुए हम सभी को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है यह जानकारी प्रदेश युवा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ढीमर समाज महासभा रायपुर, कमलेश फेकर द्वारा दी गई।

होम डिलीवरी : एक बार फिर घर-घर पहुंचेगी शराब

रायपुर/नवप्रदेश। बढ़ते कोराना संक्रमण के बीच जहां हर गतिविधि पर पाबंदी है, वहीं एक बार फिर सरकार घर-घर जाकर शराब पहुंचाएगी, यानी अब फिर से ऑनलाइन शराब की बिक्री होगी।

छत्तीसगढ़ के आबकारी विभाग के मंत्री कवासी लखमा के निर्देश के बाद अब सभी जिला स्तर के अफसरों को अपने-अपने शहरों में ऑनलाइन शराब की बिक्री करने को कहा गया है। हालांकि ऑफलाइन शराब की दुकान के काउंटर से शराब की बिक्री जारी रहेगी, लेकिन वहां की स्थिति के आधार पर शराब दी जाएगी या नहीं यह भीड़ पर निर्भर करेगा।

मंत्री कवासी लखमा ने आबकारी विभाग के अफसरों से कहा कि सभी देशी और विदेशी मदिरा दुकानों (Online Wine) में सैनिटाइजेशन, बैरिकेडिंग की जाए। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो ये जिला प्रबंधकों को देखना होगा। अब छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भी सभी जिलों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

आबकारी विभाग के अफसरों ने बताया कि csmcl Online नाम के ऐप या में https://csmcl.in की वेबसाइट पर जाकर शराब ऑर्डर की जा सकती है। इसके लिए ग्राहकों को अपना मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, पूरा पता देना होगा। ऑनलाइन ऑर्डर करने के दौरान शराब का नाम और उसका रेट ऐप पर या साइट पर दिखेगा। इसके बाद ग्राहक के बताए पते पर डिलीवरी बॉय शराब पहुंचा देगा, इसके लिए 100 रुपए के आस-पास डिलीवरी शुल्क भी देना पड़ सकता है।

चखने की दुकानों को हटाने का निर्देश

आबकारी विभाग के सचिव और आबकारी आयुक्त निरंजन दास ने शराब दुकानों के आसपास जुटने वाली भीड़ को कम करने चखना दुकानों को तत्काल हटाए जाने के निर्देश दिए हैं। रायपुर में तेलीबांधा, मोवा, शंकर नगर, पंडरी, सडडू समेत शहर के अलग-अलग 20 हिस्सों में शराब दुकान के पास बनी चखना दुकानों को हटाया गया है।

अवैध शराब भी पकड़ी

जिला कबीरधाम, बलौदाबाजार-भाटापारा और कांकेर जिले में बीते कल कुल 132.4 लीटर अवैध देशी-विदेशी शराब जब्त की गई है। आबकारी विभाग का अमला शराब की तस्करी के खिलाफ एक्शन मोड में है। पूरे प्रदेश में कोविड गाइडलाइन जारी कर सरकार ने संक्रमण बढने पर कलेक्टर्स को नाइट कर्फ्यू लगाने को कहा है। ऐसे में स्कूसे शराब की तस्करी की जा रही है, इसे कई गांवों और कस्बों में बेचा जाता है।

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

संपादकीय

कश्मीर में अशांति फैलाने की साजिश

पड़ौसी देश पाकिस्तान इस बार भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत में आतंकी हमले की साजिश कर रहा है। इस बार उसने कश्मीर में अशांति फैलाने का षडयंत्र रचा है। सीमा पार बड़ी संख्या में प्रशिक्षित आतंकवादी कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में है। दरअसल कश्मीर मे भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ आपरेशन ऑलआउट तेज कर लिया है जिसकी वजह से पाकिस्तान बौखला गया है। नए साल में पहले पांच दिनों के भीतर ही पांच मुठभेड़ में आठ आतंकवादियों को जहन्नू रसीद कर दिया गया है। इन आतंकवादियो मेंदो जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी थे और दो आतंकवादी लश्कर के थे। एक पाकिस्तानी आतंकवादी भी था। इसके पूर्व भी पिछले एक पखवाड़े से आतंकवादियों का तेजी से सफाया किया जा रहा है। यही वजह है कि पाकिस्तान अब कश्मीर घाटी में आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की कोशिश में लगा है। कश्मीर घाटी में जो मुठ्ठीभर आतंकवादी बचे हुए है उनकी तलाश की जा रही है और चुन-चुन कर उन्हे मारा जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि बहुज जल्द कश्मीर घाटी में बचे खुचे आतंकवादियों का सफाया हो जाएगा। इसके साथ ही अब आतंकवादियों के हिमायतियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। आस्तिन में पल रहे जहरीले सांपों का फन कुचनला भी निहायत जरूरी है जो कश्मीर में 370 खत्म होने के बाद से लगातार जहर उगल रहे है और कश्मीरी युवकों को बरगलाने की कोशिश कर रहे है। ऐसे लोगों के खिलफ भी सर्जिकल स्ट्राईक करने की जरूरत है तभी कश्मीर में अमन और चैन कायम हो पाएगा। कश्मीर विवाद कश्मीर पर अधिकार को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 से जारी है। भारत में विलय के लिए विलय-पत्र पर दस्तखत किए थे। गवर्नर जनरल माउंटबेटन ने 27 अक्टूबर को इसे मंजूरी दी। विलय-पत्र का खाका हूबहू वही था जिसका भारत में शामिल हुए अन्य सैकड़ों रजवाड़ों ने अपनी-अपनी रियासत को भारत में शामिल करने के लिए उपयोग किया था। न इसमें कोई शर्त शुमार थी और न ही रियासत के लिए विशेष दर्जे जैसी कोई मांग। इस वैधानिक दस्तावेज पर दस्तखत होते ही समूचा जम्मू और कश्मीर, जिसमें पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला क्षेत्र भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग बन गया। 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध पाकिस्तान और भारत के बीच अप्रैल 1965 और सितंबर 1965 के बीच हुई झड़पों की परिणति थी। पाकिस्तान के ऑपरेशन जिब्राल्टर के बाद यह संघर्ष शुरू हुआ, जिसे भारतीय शासन के खिलाफविद्रोह के लिए जम्मू-कश्मीर में सेना घुसाने के लिए डिजाइन किया गया था।

विचार

क्या हम सिंगापुर से चुनाव सीखेंगे?

बरेली में लड़कियों की मैराथन में मची भगदड़ के बाद कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में चुनावी रैलियों और भीड़भाड़ वाले तमाम कार्यक्रमों को रद्द करने की घोषणा कर दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी नोएडा में कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर 6 जनवरी की अपनी नोएडा रैली रद्द कर दी है। तेजी से संक्रमण फैलाने वाले ओमीक्रोन वेरिएंट और कोविड संक्रमण की तीसरी लहर के उभार का जो खतरा हमें दिख रहा है, उसमें राजनेताओं और राजनीतिक दलों की ऐसी सावधानी भरी पहल यकीनन स्वागत योग्य है।

लेकिन हम ऐसे कदम तब उठाने को सोचते हैं, जब कोई हादसा हो जाता है। कांग्रेस के मैराथन में जब हजारों लड़कियां बिना मास्क के शामिल हो रही थीं, तब किसी ने क्यों नहीं सोचा कि कोविड के इस दौर में इतनी भीड़ जुटाई जानी चाहिए थी या नहीं? और कुछ नहीं, तो कम से कम मास्क की पाबंदी तो लगाई होती? फिर कांग्रेस ही क्यों, राजनीति को बदलने के दावों के साथ आए अरविंद केजरीवाल खुद बिना मास्क अपनी चुनावी पदयात्राओं में भारी भीड़ के बीच घूम रहे थे और कोविड की चपेट में आ गए। सिर्फकेजरीवाल ही क्यों, भीड़ भरे कई कार्यक्रमों में बिना मास्क के शामिल होने पर अनेक नेता आलोचना का निशाना बन चुके हैं। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में तो चुनावी रैलियां न करने का एलान कर दिया, जहां उसकी उपस्थिति अब न के बराबर रह गई है, लेकिन पंजाब और उत्तराखंड में चुनावी रैलियां बंद करने या जारी रखने पर लगे हाथ घोषणा नहीं हुई।

सवाल यही है कि कोविड की तीसरी लहर का जो खतरा अब सिर पर आ चुका है, उसमें अब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कैसे कराएं जाएं? कहने को तो चुनाव आयोग अगस्त 2020 में ही विस्तृत गाइडलाइन जारी कर चुका है कि कोविड काल में नामांकन, चुनाव-प्रचार और मतगणना के दौरान किस तरह के कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए, पर व्यवहार में इसका पालन होता कहां है? 2021 के शुरू में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में न कहीं राजनेताओं ने, न राजनीतिक दलों ने इसकी कोई परवाह की और न ही उन अफसरों ने, जिनकी जिम्मेदारी थी कि वे निगरानी करें कि कोविड गाइडलाइन का पालन हो रहा है या नहीं।

हम देख चुके हैं कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों ने कैसे कोविड प्रोटोकॉल की खुलकर धज्जियां उड़ाईं और जैसे-जैसे चुनाव-प्रचार वहां नए इलाकों में बढ़ता गया, वैसे-वैसे वहां कोविड संक्रमण तेजी से बढ़ा और कई उम्मीदवारों की मौत भी हो गई।

मजबूत मोदी की अवधारणा टूट गई

विष्णुगुप्त

मोदी की राजनीति देखिये। जिस नीतीश कुमार की सरकार की साजिश से उनकी जान जाने वाली थी उसी नीतीश कुमार के साथ फिर से राजनीतिक गठजोड़ कर लिया। बिहार में भाजपा और नीतीश कुमार फिर से साथ-साथ हो लिये। पिछले विधानसभा चुनाव में कम सीट आने पर भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया गया। अगर नरेन्द्र मोदी की जगह कोई दूसरा व्यक्ति होता तो फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार से कभी भी समझौता नहीं करता, लाख मजबूरी होती फिर भी वह नीतीश कुमार को माफ नहीं करता। नीतीश कुमार को सबक जरूर सीखाता। पर मोदी के लिए नीतीश कुमार तो आईकॉन बन गये। जब कोई प्रधानमंत्री कमजोर होता है, उनमें संघीय शासन की मजबूती का अभाव होता है तब राज्य सरकारें बेलगाम हो जाती हैं। अगर कोई राज्य सरकार सीधे तौर पर प्रधानमंत्री को आंख दिखाती है।

अब मुझे नरेन्द्र मोदी पर अपनी अवधारणा पर विचार करना पड़ रहा है। मै नरेन्द्र मोदी को अब भी नायक मानू या न मानू? क्या मैं नरेन्द्र मोदी को अब तक के सबसे कमजोर और धुटनाटेक प्रधानमत्री मानू या न मानू? क्या मैं नरेन्द्र मोदी को संघीय ढ़ाचे की सुरक्षा में विफल होने वाले प्रधानमंत्री के रूप में मानू या न मानू? क्या अमित शाह गृहमंत्री के रूप में मोदी के लिए काल बन गये हैं? क्या शाहीनबाग, तथाकथित किसान आंदोलन और खालिस्तानियों की हिंसा के खिलाफ अमित शाह की कमजोरी की कीमत मोदी की मजबूत और प्रेरक छबि चुका रही है? कभी मैंने नरेन्द्र मोदी को 21 वीं सदी का महानायक कहा था, कभी मैंने नरेन्द्र मोदी को देश का सबसे निडर प्रधानमंत्री कहा था। धारा 370 हटाने और फि र से केन्द्रीय चुनाव जीतने पर मैंने नरेन्द्र मोदी को महान और प्रतापी शासक की पदवी दी थी। मैने नरेन्द्र मोदी पर एक पुस्तक लिखी थी। पुस्तक का नाम है- नरेन्द्र मोदी 21 वीं सदी का महानायक। लेकिन पंजाब की घटना को देखते हुए नरेन्द्र मोदी के प्रति मेरी अवधारणाएं टूट रही हैं।

मैं 1971 से भारतीय प्रधानमंत्रियों की दृढ़ता और कमजोरी को देख रहा हूं। यानी की भारतीय राजनीति पर मेरी दृष्टि 1971 से है। उस काल में इन्दिरा गांधी की दृढ़ता इतनी तेज और उबाल वाली होती थी कि उनके खिलाफकोई बोल नहीं सकता था, बोलने वाले मारे जाते थे या फिर उनकी अकाल मृत्यु होती थी। कहने का अर्थ यह है कि इन्दिरा गांधी एक तरह से अधिनायक थी और इन्दिरा गांधी की अधिनायक की करतूत देश ने आपतकाल के तौर पर झेली थी। आपातकाल में इन्दिरा गाधी जब फिर से सत्ता में आयी तो उनके सामने अकाली दल और कम्युनिस्ट तन कर खड़े थे। पंजाब में अकाली दल के लोगों को कमजोर करने के लिए इन्दिरा गांधी ने जनरैल सिंह भिंडरावाले को खड़ा किया जबकि पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्टों को सबक सिखाने के लिए गौरखालैंड जैसे हथकडे अपनायी थी। फिर भी इन्दिरा गाधी जब तक प्रधनमंत्री रही तब तक उनके खिलाफविरोधी राज्य सरकारों ने सीमा रेखा पार नही की थीं। इसी तरह इन्दिरा गाधी-राजीव गांधी के समय भी एनटी रामाराव का आध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री थे। एनटी रामाराव के खिलाफइन्दिरा गांधी और राजीव गांधी ने कैसी अलोकतात्रिक हथकंडे अपनाय थे, यह भी जगजाहिर है। फिर भी एनटी रामाराव राजीव गांधी के खिलाफलक्ष्मण रेखा पार नहीं की थी। इसी तरह ज्योति बसु ने भी राजीव गांधी या पीवी नरसिहराव के खिलाफकोई लक्ष्मण रेखा पार नहीं की थी। असम में असम गण परिषद की सरकार रही फिर भी असम गण परिषद ने लक्ष्मण रेखा पार नहीं की थी। भारतीय राजनीति के इतिहास में मनमोहन सिंह सबसे कमजोर और मोहरा प्रधानमंत्री माने जाते रहे हैं फिर भी कांग्रेस की विरोधी राज्य सरकारें लक्ष्मण रेखा पार नहीं करती थी।

अगर हम उपर्युक्त उदाहरणों की कसौटी पर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना करते हैं तब बहुत ही निराशा होती है, हताशा होती है और संघीय भारत की संप्रभुत्ता और सुरक्षा को लेकर चिंता पसरती है। अभी-अभी पजाब में नरेन्द्र मोदी के साथ जो कुछ भी हुआ, जिस तरह से उनकी यात्रा रूकवाने की साजिश की गयी और जिस तरह से उनकी जान को खतरे में डाला गया था उसके सदेश बहुत ही जहरीला है, खतरनाक है और भारत की संप्रभुत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है। सघीय भारत की पहली घटना है जिसमें सीधे तौर पर प्रधानमंत्री को निशाना बनाया गया, उनके सरकारी कार्यक्रम को रोका गया और उनकी जान पर संकट खड़ा किया गया। पंजाब सरकार का कोई भी स्पष्टीकरण हो पर यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गोपनीय सड़क मार्ग की यात्रा की गोपनीयता को भंग की गयी और देश विरोधी तत्वों को उकसाया गया। लॉडीस्पीकार पर प्रचार कर हिंसक द्रोहियों को एकत्रित किया गया। यह सब पंजाब पुलिस के अधीन में हुआ। पजाब पुलिस रास्ता रोकने वाले हिंसक द्रोहियों को रोक नहीं रही थी। पंजाब पुलिस तो हिंसक द्रोहियों के साथ चाय पी रही थी। हिंसक द्रोहियों की पंजाब पुलिस सहचर थी। साजिश कितनी बड़ी थी और नरेन्द्र मोदी की जान पर कितना बड़ा खतरा उत्पन्न हुआ था उसका अदाजा तो नरेन्द्र मोदी का बयान ही है। नरेंन्द्र मोदी ने पंजाब के अधिकारियों से साफकहा कि मै जिंदा एयरपोर्ट तक पहुंच गया, इसके लिए सीएम को थैंक्स कहना। मोदी ऐसा कहने के लिए बाध्य क्यों हुए। क्योंकि हिंसक द्रोही मोदी तक पहुच गये थे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा करने वाला सुरक्षा बल एसपीजी ने सुझबूझ दिखायी और उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जान पर सकट का अहसास हुआ। एसपीजी का निर्णय बहुत ही सटीक था। एसपीजी ने प्रधानमंत्री की यात्रा टालने की ही नीति बनायी और किसी तरह हिंसक द्रोहियों की चपेट में आने से पहले ही प्रधानमंत्री मोदी को सुरक्षित एयरपोर्ट पर ले आयी। इस दौरान एसपीजी को पंजाब पुलिस का अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। अब पंजाब की सरकार बहानेबाजी की शुरूआत करेगी। पर सारी परिस्थितियां यही कहती हैं कि पंजाब की पुलिस राजनीतिक दबावों के कारण प्रधानमंत्री की जान को खतरे में डाली थी।काग्रेस के एक बड़े नेता इमरान मसूद ने मोदी की बोटी-बोटी काटकर फेंकने की घोषणा की थी। इसलिए कांग्रेसी राज में मोदी के साथ हुई घटना की प्रदूषित मानसिकता समझी जा सकती है। पजाब से पूर्व पश्चिम बंगाल में भी प्रधानमंत्री मोदी के साथ सुरक्षा की चूक हुई थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी किस तरह से प्रधानमंत्री के खिलाफ अमार्यादित टिप्पणियां करती हैं और नरेन्द्र मोदी की सरकारी यात्राओं में भी आगवानी करने से इनकार कर देती है यह भी जगजाहिर है। जबकि प्रोटोकॉल के अनुसार प्रधानमंत्री के सरकारी कार्यक्रम में आने पर मुख्यमंत्री द्वारा आगवानी करना अनिवार्य है।

नरेन्द्र मोदी की जान पर कोई पहली बार खतरा नहीं आया है। कभी बिहार में इसी तरह की साजिश हुई थी, बिहार में पंजाब की तरह ही नरेन्द्र मोदी की जान लेने की कोशिश हुई थी। इसमें नीतीश कुमार गुनहगार और खलनायक बने थे। उस समय नीतीश कुमार भी पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी की भाषा बोले थे। पटना के गांधी मैदान में जनसभा को मोदी संबोधित करने वाले थे। मोदी उस समय भाजपा के तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे। नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनने पर भाजपा को लात मारकर नीतीश कुमार एनडीए से बाहर आ गये थे। उस काल में नीतीश कुमार मोदी के खिलाफ आग उगलते थे। मोदी के सबोधन के पूर्व ही पटना के गांधी मैदान में सीरियल बम विस्फोट हुए थे और कई जानें गयी थी।

म्यूजिक ने ही बचाए रखा दुनिया को डिप्रेशन और तनाव से

नरविजय यादव

जब अखबार छपने और डिलीवर होने बंद हो गये, लाइव ईवेंट्स टलती चली गयीं और सिनेमा घरों पर भी ताले लटक गये, तब संगीत ही एक ऐसी चीज थी जो आसानी से लोगों की पहुंच में थी। संगीत ने ही दुनिया भर में लोगों को मानसिक तनाव, मनोवैज्ञानिक परेशानियों और डिप्रेशन जैसी स्थितियों से बचाये रखा। ऑस्ट्रेलियन यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में पाया गया कि महामारी के समय जब छात्र अकेले पड़ गये तब तनाव से बचने के लिए म्यूजिक सुनना उनकी सबसे प्रभावी रणनीतियों में से एक था। इससे उन्हें व्यायाम, नींद और स्थान परिवर्तन जैसे ही फायदे हुए।

बॉलीवुड गायक मीका सिंह कहते हैं कि कोविड काल में गीत संगीत ने ही लोगों को डिप्रेशन, अकेलेपन और मानसिक तनाव से बचा कर रखा। 'मजनू' गीत की लांचिंग के मौके पर मीका से जब पूछा गया कि वह पार्टी और डांस नंबर्स पर ही इतना क्यों जोर देते हैं, तो उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की ओवरऑल सेहत के लिए मनोरंजन उतना ही जरूरी है जितना कि पौष्टिक भोजन, ऑक्सीजन और एक्सरसाइज। और मनोरंजन में सबसे पहले नंबर पर आता है संगीत सुनना या संगीत का किसी भी रूप में शौक रखना। 'मजनू' एक रोमांटिक नंबर है जो मीका सिंह की एक नयी पेशकश है। कोविड काल में लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग के कारण दुनिया भर के लोग अपने अपने घरों में कैद रहे। इस वजह से लोगों को अपने मित्रों, परिजनों, सहकर्मियों और जान पहचान वालों से मजबूरन दूर रहना पड़ा। यह समस्या अभी भी जारी है और न जाने कब तक हम सब को इसी तरह की पाबंदियों के बीच जीवन बिताना होगा। एक तो कोविड बीमारी का भय और ऊपर से अकेले रहने की मजबूरी। इस वजह से दुनिया भर में मानसिक परेशानियों के मामले अचानक से बढ़ते गये। गनीमत है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट की बदौलत लोग संगीत से जुड़े रहे। जब अखबार छपने और डिलीवर होने बंद हो गये, लाइव ईवेंट्स टलती चली गयीं और सिनेमा घरों पर भी ताले लटक गये, तब संगीत ही एक ऐसी चीज थी जो आसानी से लोगों की पहुंच में थी। संगीत ने ही दुनिया भर में लोगों को मानसिक तनाव, मनोवैज्ञानिक परेशानियों और डिप्रेशन जैसी स्थितियों से बचाये रखा। ऑस्ट्रेलियन यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में पाया गया कि महामारी के समय जब छात्र अकेले पड़ गये तब तनाव से बचने के लिए म्यूजिक सुनना उनकी सबसे प्रभावी रणनीतियों में से एक था। इससे उन्हें व्यायाम, नींद और स्थान परिवर्तन जैसे ही फायदे हुए। ऑनलाइन एजूकेशन से उत्पन्न तनाव को भी उन्होंने संगीत सुनकर ही दूर किया। मनपसंद म्यूजिक सुनकर लोगों ने अपना मूड ठीक रखा और मुश्किल हालात में भी खुश रह सके।

मूड बनाये रखने में, म्यूजिक के बाद नंबर आता है अच्छी नींद का। अमेरिका के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के अनुसार, एक वयस्क व्यक्ति को दिन में कम से कम 7 और अधिक से अधिक 9 घंटे की नींद चाहिए होती है। यदि 7 घंटे सोने के बाद आपके शरीर में दिन भर चुस्ती-फुर्ती बनी रहती है, तो इतनी नींद आपके लिए पर्याप्त है। लेकिन यदि आप दिन में थकान और सुस्ती महसूस करते हैं, तो इसका मतलब है कि आपको थोड़ी देर और सोना चाहिए। कम नींद लेने से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है।

मूड बनाये रखने में, म्यूजिक के बाद नंबर आता है अच्छी नींद का। अमेरिका के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के अनुसार, एक वयस्क व्यक्ति को दिन में कम से कम 7 और अधिक से अधिक 9 घंटे की नींद चाहिए होती है। यदि 7 घंटे सोने के बाद आपके शरीर में दिन भर चुस्ती-फुर्ती बनी रहती है, तो इतनी नींद आपके लिए पर्याप्त है। लेकिन यदि आप दिन में थकान और सुस्ती महसूस करते हैं, तो इसका मतलब है कि आपको थोड़ी देर और सोना चाहिए। कम नींद लेने से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ऐसे लोगों को दिल का दौरा पड़ने की आशंका 20 प्रतिशत अधिक रहती है। इन्हें मोटापा भी घेर सकता है। दरअसल, नींद हॉर्मोन संतुलन का काम करती है, जिससे शरीर का विकास और दिमागी चुस्ती बनी रहती है। अच्छी नींद लेने से कार्यक्षमता बढ़ती है। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्युनिटी बढ़ती है, और वजन नियंत्रण में रहता है। पर्याप्त नींद लेने से दिल के रोग और मधुमेह जैसे रोग दूर रहते हैं। दिन में ऊर्जा का स्तर बनाये रखने के लिए 15 मिनट की झपकी लेना एक बढ़िया उपाय है। पॉवर नैप से शरीर तरोताजा हो जाता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आंग्ल -हिज्री या

आंग्ल -हिज्री या कि संवत्सर , नवल वर्ष बस नूतन अवसर इक वैकल्पिक,राग सृजन का तज जड़त्व,अनुराग-लगन का हाथों में लेकर मोबाइल खोल रहे संस्कृति के 'फाइल'! सुन -सुन भीड़ भरी आवाजें, समझ सका इतना मैं जाहिल मेरा इसका उसका किसका, स्वागतेय नव चाहे जिसका नव'मतलब' नव-गति,नव-चेतन उचित कहां नूतन पर चिंतन।

- पंकज कुमार बसंत

पद और पैसे के

पद और पैसे के लालच में धर्म बदला जमीर बेचा क्या रह गया? पगड़ी की एक इज्जत होती है जिसे धर्म का ज्ञान हो वह जानता है। पगड़ी का मतलब जिम्मेदारी होता है। जिम्मेदार तू है नहीं एक मिनट भी तेरा पद पर होना ईश्वर के प्रति गुनाह है।

-नवीन शंकर शर्मा

ख़ास पाती | जितना जी चाहे तेरा यार सता

जितना जी चाहे तेरा यार सता ले मुझको। अपने सीने से मगर आज लगा ले मुझको। बढ़ गया उसकी जफ़ाओं का सितम यूँ मुझ पर , चैन दे अब तो खुदाया या उठा ले मुझको । मन के सहरा में कहाँ से ये समंदर आया, मौजे-ग़म कौनसी हर रोज उछाले मुझको। मैं तुम्हारी हूँ तुम्हारी ही रहूँगी हरदम, दौड़ आऊंगी किसी दम भी बुलाले मुझको। राह तकते हुए हर रात गुजारी मैंने, अपनी बाहों में जरा देर सुलाले मुझको। दम तो लेने दे जरा ऐ ग़मे-उल्फ़त दिल को डर है शिद्दत ये तेरी मार न डाले मुझको। बाद मेरे ये अँधेरा न जमाने मे रहे, रौशनी के लिए बेशक़ तू जलाले मुझको।

- आशा पांडेय ओझा

स्तब्ध वातावरण जलती चिता पत्नी

स्तब्ध वातावरण जलती चिता पत्नी का हृदय विलाप दो साल की मासूम बेटी दे रही थी सांत्वना मत रो माँ ! पिताजी तो शहीद हुए हैं न माँ का सिर हिला हाँ में अब आगे क्या होगा मम्मी? कुछ नहीं बेटा! तेरे पापा गये हैं तेरी पढ़ाई से लेकर शादी तक का इन्तजाम करके हिलाकर ना में सिर बेटी ने जताई असहमति नहीं माँ? वो चीज कहाँ मिलेगी मुझे? माँ ने पूछा क्या? वो पप्पी पापा की अचानक आ गई बाढ़ बेटी की खामोश आँखों में फट पड़ा कलेजा माँ का सागर में उठने लगा ज्वार धरती काँप गई सहसा बेटी रो पड़ी। **- सुरेश वाहने**

सफ़र में कट रही जिंदगी सफर में

सफ़र में कट रही जिंदगी सफ़र में कुछ ढूंढना होगा कुछ देख कर सिखना होगा बहुत कुछ पूछना भी होगा जहां पर मिले ज्ञान हम लें भी जहां पता हो हमें हम दें भी कोशिश अपनी संवेदनशीलता से एक सार्थक सफ़र हो ये भी।

- प्रवीण माटी

एक बार जब तुम्हें देखा था बस

एक बार जब तुम्हें देखा था बस वह लम्हा जी लिया था सुनो न देव उसके बाद फिर किसीको देखने की चाह ही नही जगी बस जी लिया वह लम्हा एक ख़ास लम्हा?? कहा तुम्हारा मान लिया बस सुन लिया तुम्हें सुनो फिर जी लिया वह लम्हा अब किसीको सुनने की चाह नही जी लिया उस ख़ास आवाज़ को बस जी लिया वह ख़ास लम्हा हाँ वह ख़ास लम्हा सुन रहे हो न देव।

- सुरेखा अग्रवाल

यूँ ही आँखें लगी हैं तेरी चौखट

यूँ ही आँखें लगी हैं तेरी चौखट पे.. दे हँसी लबों को या.. बरसात बख्श दे इन आँखों को। आस तेरी रहमत की लगी है। दुआ दे या बद्दुआ दे इन आँखों को। तुझे ढूंढती हूँ दरबदर पता अपना दे या भटका दे इन आँखों को। रूह प्यासी ही रहे या दरस मिल जाये रजा पे तेरी बैठी हूँ इक ज़माने से। अपना ले या ठुकरादे इन आँखों को।। ना दे अमृत तो कोई शिकायत न करूंगी तुझसे.. विष का प्याला दे और अमृत बना दे इन आँखों को। **- सविता वर्मा 'ग़ज़ल'**

नए साल की पावन बेला में एक

नए साल की पावन बेला में एक नई सोच की ओर कदम बढ़ाएँ हौसलों से अपने सपनों की ऊंचाइयों को छू कर दिखाएँ जो आज तक सिमट कर रह गए थे ख्यालों में.., उन सपनों को नव वर्ष 2022 में सच कर दिखाएँ। **- रश्मि चौधरी**

उम्र गुजरी है तो कई मुकाम भी

उम्र गुजरी है तो कई मुकाम भी गुजरे हैं कुछ बन गए हैं यहां और कुछ बिगड़े हैं सफर मौत तक रहा सबकी जिंदगी में, उसके बाद तो कई शख्स यहां उजड़े हैं।

- रश्मि ठाकुर

QUIZ TIME

1) हाल ही में किस जिले में अरपा महवोत्सव का आयोजन किया गया था?
2) किस जिले में जिंक राइस की खेती की जाएगी?
3) राज्यपाल द्वारा हाल ही में गोद लिया गया सल्फीपदर नामक ग्राम किस जिले में है?
4) लंकापल्ली जलप्रपात किस जिले में है?
5) हाल ही में किसे बिजनेस लीडरशीप पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (2) बस्तर (3) कोण्डागांव (4) बीजापुर (5) बैजेंद्र कुमार

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1761-पानीपत की तीसरी लड़ाई में अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली ने मराठों को हराया। 1782-अमेरिका का पहला वाणिज्यिक बैंक 'बैंक ऑफ नॉर्थ अमेरिका'खुला। 1785- फ्रांस के जीन-पियरे ब्लांचर्ड तथा अमेरिका के जॉन जेफ्रीस हवा वाले गुब्बारे से इंग्लिस चैनल को पार करने वाले पहले बने। 1789-अमेरिका की जनता ने जॉर्ज वाशिंगटन को देश का पहला राष्ट्रपति चुनने के लिए मतदान किया। 1890-विलियम बी. परविस को फाउंटेन पेन के आविष्कार का पेटेंट मिला। 1927-न्यूयॉर्क से लंदन के बीच पहली ट्रांस अटलांटिक व्यावसायिक टेलीफोन सेवा शुरू शुरू हुई। 1937-नीदरलैंड की राजकुमारी जुलियाना ने हेग में लिपपे बायस्टरफर्ड के प्रिंस बर्नहार्ड से शादी की। 1943-वाई-फाई के जनक मशहूर अमेरिकी सर्बियाई आविष्कारक निकोला टेस्ला का निधन । 1953-अमेरिका के राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने हाइड्रोजन बम के निर्माण की घोषणा की। 1980-आपातकाल के तीन साल बाद भारी बहुमत के साथ इंदिरा गांधी की सत्ता में वापसी की। 1985-सेलनेट ने 2 यूके सेल्यूलर नेटवर्क का शुभारंभ किया। 1986-अमेरिका के राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने लीबिया के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। 1989-जापान के वर्तमान सम्राट अकिहितो ने अपने पिता हिरोहितो की मृत्यु के बाद गद्दी संभाली। 2010-मुस्लिम बंदूकधारियों ने कॉप्टिक ईसाइयों की भीड़ पर आधी रात को क्रिसमस मास मनाने के बाद चर्च छोड़ कर आग लगा दी।

'हीरोपंती 2' में एक्शन करते दिखेंगे टाइगर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्राफअपनी आने वाली वाली फिल्म 'हीरोपंती 2' में जोरदार एक्शन करते नजर आयेंगे। टाइगर श्रॉफइन दिनों फिल्म 'हीरोपंती 2' में काम कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में ऐसे ऐक्शन देखने को मिलेंगे, जो पहले स्क्रीन पर कभी देखने को नहीं मिला होगा।

टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम पर 'हीरोपंती 2' के सेट से अपनी नई फोटो शेयर की है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, हीरोपंती का लेवल इस बार डबल होने वाला है। सबसे चुनौतीपूर्ण सीन्स में से एक के लिए शूटिंग की। इसकी झलक शेयर करने के लिए अब और वेट नहीं कर सकता। टाइगर ने बताया कि फिल्म ईद के मौके पर यानी 29 अप्रैल 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गौरतलब है कि टाइगर श्राफने फिल्म हीरपंती से ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। फिल्म 'हीरोपंती 2' फिल्म हीरोपंती का सीक्वल है। 'हीरोपंती 2' में टाइगर के साथ तारा सुतारिया नजर आने वाली हैं।



श्रीकांत बोला की बायोपिक में काम करेंगे राजकुमार राव

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक में काम करते नजर आयेंगे। तुषार हीरानंदानी निर्देशित और टी-सीरीज़ और चाक एन चीज़ फिल्म्स प्रोडक्शन एलएलपी द्वारा निर्मित श्रीकांत बोला की बायोपिक में राजकुमार राव काम करते नजर आयेंगे। श्रीकांथ बोला, एक ऐसे उद्योगपति की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनो पर हावी नहीं होने दिया और उन्होंने बोलेंट इंडस्ट्रीज नामक कंपनी की स्थापना की जिसका नेतृत्व रवि कांथ मंथा कर रहे हैं। इस प्रेरक कहानी को सुमित पुरोहित और जगदीप सिद्धू द्वारा लिखा गया है और इस फिल्म की शूटिंग जुलाई 2022 में शुरू की जायेगी।

आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव के रहने वाले श्रीकांथ बोला जन्म से ही नेत्रहीन थे। उन्हें जन्म से ही कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है। श्रीकांथ बोला ने अमेरिका के मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पढाई करने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय नेत्रहीन छात्र बनने का गौरव भी हासिल किया था।

टीसीरीज के चेरमैन भूषण कुमार ने कहा- श्रीकांथ बोला की कहानी मुश्किलों से लड़कर आगे बढ़ने की कहावत को पूरा करती है। जन्म से ही उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, इसके बावजूद उन्होंने अपने सपनों के बीच किसी चीज को आने नहीं दिया, उनके सपनों का सफर वास्तव में बहुत ही प्रेरणादायक है।

'चकदा एक्सप्रेस' से बॉलीवुड में कमबैक करेंगी अनुष्का

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा तीन साल बाद फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' से कमबैक करने जा रही हैं। अनुष्का शर्मा शादी के बाद गिनी चुनी फिल्मों में ही नजर आई हैं। अनुष्का ने अंतिम बार वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म जीरो में काम किया था। अनुष्का शर्मा फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' से कमबैक करने जा रही हैं। इस बात की जानकारी अनुष्का ने सोशल मीडिया पर फिल्म का फर्स्ट लुक टीजर फैंस के साथ शेयर कर दी है। बताया जा रहा है कि 'चकदा एक्सप्रेस' भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की बायोपिक है। प्रतीक्षा राव के निर्देशन में बन रही इस स्पोर्ट्र्स ड्रामा फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी। कर्णेश शर्मा इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

कोरोना के चलते ग्रैमी अवॉड्र्स स्थगित 31 जनवरी को होने वाला था इवेंट

नई दिल्ली। दुनिया भर में तेजी से बढ़ रहे कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट के खतरे को देखते हुए ग्रैमी अवॉड्र्स 2022 को स्थगित कर दिया गया है। इस अवॉर्ड सेरेमनी 31 जनवरी 2022 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो कॉम एरिना में आयोजित की जानी थी, जो अब पोस्टपोन हो चुकी है। इवेंट से पहले लगातार बढ़ रहे मामलों के देखते हुए 'द रिकॉर्डिंग अकादमी' इसे पोस्टपोन करने का फैसला किया है। अब ये इवेंट कब होगा इस बारें अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इवेंट के पोस्ट होने के लेकर 'द रिकॉर्डिंग अकादमी' ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। बयान के अनुसास, कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट के खतरे को देखते हुए 31 जनवरी को ग्रैमी अवॉड्र्स 2022 शो का आयोजन करना बहुत जोखिम भरा है। शहर और राज्य के अधिकारियों, स्वास्थ्य और सुरक्षा विशेषज्ञों, कलाकार समुदाय के साथ बातचीत करने के बाद, रिकॉर्डिंग अकादमी और सीबीएस ने 64वें ग्रैमी अवॉर्ड शो को स्थगित करने का डिसीजन लिया है। हम म्यूजिक के सबसे बड़े जश्न को मनाने के लिए बेहद उत्सुक हैं। इस जश्न की नई तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी। बता दें कि 'द रिकॉर्डिंग अकादमी' इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह का आयोजन करती है। इवेंट के पोस्ट की सूचना 'द रिकॉर्डिंग अकादमी' ऑफिशिलयल इंस्टाग्राम अकाउंट से दी गई है।

न्यूज गैलरी

सचिन तेंदुलकर ने देखी फिल्म 83, रणवीर सिंह की तारीफ में कही यह बात

नई दिल्ली। 1983 वर्ल्ड कप पर बनी फिल्म '83' रिलीज हो चुकी है और सिनेमा घरों में खूब धूम मचा रही है। इस फिल्म में अभिनेता रणवीर सिंह 1983 वर्ल्ड कप के नायक रहे कपिल देव की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म को कई जानी-मानी हस्तियों और क्रिटिक्स ने सराहा है। लेकिन अब इस लिस्ट में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का नाम जुड़ गया है। दरअसल, मास्टर ब्लास्टर ने फिल्म 83 देखने के बाद अपनी समीक्षा साझा की है। सचिन के इस समीक्षा पर बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने रिप्लाई भी किया है। फिल्म 83 देखने के बाद सचिन ने तारीफकरते हुए ट्वीट किया कि 83 में रणवीर सिंह द्वारा एक शानदार ऑलराउंडर परफॉर्मेंस।

पंत का बदला: एल्गर और डुसन को जमकर मारे ताने

नई दिल्ली। भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के बीच जोहानिसबर्ग में काफी बार गहमागहमी देखने को मिली है। कप्तान केएल राहुल, दक्षिण अफ्रीका कप्तान डीन एल्गर, रैसी वनडर डुसन, जसप्रीत बुमराह और मार्को जैनसेन जैसे खिलाड़ी जुबानी जंग में शामिल हो चुके हैं। जोहानिसबर्ग टेस्ट के तीसरे दिन टीम इंडिया के विकेटकीपर ऋषभ पंत भी दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों पर मजेदार कमेंट्स पास करते दिखे और उनके ये कमेंट्स स्टंप माइक में कैद हो गए। डुसन बल्लेबाजी के दौरान अपना बैटिंग गार्ड सेट कर रहे थे, तभी पंत ने विकेट के पीछे से कहा, 'पांच-छह बॉल के बाद ही इनको यह नहीं पता कि इनका बैटिंग गार्ड कहां है।

977 रुपये में हवाई सफर

नई दिल्ली। अगर आप हवाई सफर करना चाहते हैं तो आपके लिए शानदार ऑफर है। Vistara Airlines ने आज यानी 6 जनवरी से अगले 48 घंटों के दौरान तक टिकट के किराये में बड़ी छूट दी है। बता दें, विस्तारा एयरलाइंस में टाटा संस और SIA का 51:49 का शेयर होल्डिंग है। कंपनी की 7वीं सालगिरह पर किराये में बड़ी छूट दी गई है। Vistara Airlines की तरफ से ट्वीट करते हुए लिखा गया, '7वीं सालगिरह का जश्न के मौके पर घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट के टिकट पर स्पेशल फेयर का ऐलान किया जा रहा है।

फॉर्म अस्थायी रहता है और क्लास स्थायी : पुजारा

जोहानसबर्ग (वार्ता)। भले ही एकादश में उनकी जगह तत्काल ख़तरे में नहीं थी लेकिन चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्या रहाणे वांडरर्स टेस्ट की दूसरी पारी से पहले ख़राब फ़ॉर्म से जूझ रहे थे। 27 रनों से पीछे होने के बाद भारत का स्कोर दो विकेट के नुक़सान पर 44 रन था और पिच पर गेंद हरकत कर रही थी। असमतल उछाल भी देखने को मिल रहा था। पुजारा और रहाणे ने तुरंत खेल के रुख़ को बदला और 4.75 के रन रेट से 111 रन जोड़े। यह उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार दक्षिण अफ्रीका में भारत की सबसे तेज शतकीय साझेदारी है।

दूसरे दिन के अंतिम सत्र में पुजारा ने आक्रामक रुख़ अपनाया और तीसरे दिन की सुबह तक मात्र 62 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज़ों पर हावी होने की एक सोची समझी योजना थी? पुजारा ने कहा कि वह केवल रन बनाने के मौक़े ढूंढ रहे थे।

तीसरे दिन के खेल के बाद पुजारा ने कहा, इस पिच पर असमतल उछाल है। खेलना आसान नहीं है और इसलिए जब आपको ख़राब गेंद मिलती है तब आप उस पर प्रहार करने का प्रयास करते हैं। आप नहीं जानते कि कब वह गेंद आ जाए जिस पर आपका नाम लिखा होगा। तो हां यह मेरी योजना थी कि अगर मुझे ख़राब गेंद मिलेगी तो मैं उस पर रन बनाऊंगा। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि मैं अच्छी बल्लेबाज़ी कर रहा था। यह वैसा दिन था जब सब कुछ मेरे पक्ष में जा रहा था। मैं मानता हूं कि अजिंक्या के साथ मेरी साझेदारी महत्वपूर्ण थी क्योंकि हम एक कठिन स्थिति में थे। हमें रन बनाने थे और अंत में मेरा स्कोर नहीं बल्कि टीम का स्कोर ज़्यादा मायने रखता है। इसलिए यह साझेदारी अहम थी।

दोनों बल्लेबाज़ों ने अर्धशतक बनाया और अपने सिर पर लटक रही तलवार को काफी हद तक मयान में डाल दिया। हालांकि पुजारा ने बताया कि टीम प्रबंधन को उन पर और अजिंक्या पर पूरा विश्वास था और फॉर्म पर सवाल केवल बाहर से उठाए जा रहे थे। उन्होंने कहा, देखिए, टीम प्रबंधन का समर्थन हमेशा से था, मैं कहूंगा कि यह बाहरी शोर था। सहायक स्टाफ कप्तान और खिलाड़ियों ने हम पर भरोसा जताया और हम भी मेहनत कर रहे हैं। ऐसा समय आता है जब बल्ले से रन नहीं निकलते हैं लेकिन एक क्रिकेटर के लिए आवश्यक है कि वह अपने खेल पर काम करता रहे और निरंतरता के साथ प्रयास करे।

उस्मान ख्वाजा का कमबैक जबदस्त शतक ठोक दिया मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली। उस्मान ख्वाजा ने अगस्त 2019 के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेला और ऐसी पारी खेली, जिसे सालों तक याद किया जाएगा। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन ख्वाजा ने 137 रनों की यादगार पारी खेली। ट्रैविस हेड कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए और उनकी जगह ख्वाजा को टीम में जगह मिली और उन्होंने अपने इस मौके को बखूबी भुनाया भी। ख्वाजा का यह शतक उनकी पत्नी और बेटी के लिए भी बहुत खास था और इसी वजह से इसका सेलिब्रेशन भी खास रहा। सिडनी क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद ख्वाजा की पत्नी रेचेल मैकलेलन और बेटी आयशा राहिल ख्वाजा उस्मान की सेंचुरी पूरी होते ही खुशी से झूम उठीं। ख्वाजा की बेटी अभी महज डेढ़ साल की है। ख्वाजा ने इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में 3000 रन भी पूरे कर लिए। उन्होंने 260 गेंदों पर 137 रनों की पारी खेली और इस दौरान 13 चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में आठ विकेट पर 416 रनों पर पारी घोषित कर दी। ख्वाजा ऑस्ट्रेलिया की ओर से बेस्ट स्कोरर रहे। ख्वाजा के अलावा स्टीव स्मिथ ने 67 रनों की पारी खेली। टेस्ट क्रिकेट में यह ख्वाजा का 9वां शतक है। ऑस्ट्रेलिया सीरीज के पहले तीन मैच जीतकर पहले ही एशेज ट्रॉफी अपने नाम कर चुका है। इंग्लैंड का प्रदर्शन इस एशेज सीरीज के दौरान काफी निराशाजनक रहा है।

सोने की कीमतों में बड़ी गिरावट 48 हजार के नीचे आया गोल्ड

नई दिल्ली। सोने और चांदी की कीमतों में आज बड़ी गिरावट देखने को मिली है। 24 कैरट गोल्ड 6 जनवरी को 48 हजार रुपये प्रति दस ग्राम के नीचे आ गया। वहीं, चांदी की चमक कल के मुकाबले आज घटी है। ताजा अपडेट के अनुसार चांदी की कीमतों में 1000 रुपये से अधिक कि गिरावट देखने को मिली है। बता दें कि IBJA द्वारा जारी किए गए रेट देशभर में सर्वमान्य है। हालांकि, इस वेबसाइट पर दिए गए रेट में जीएसटी शामिल नहीं किया गया है। सोना खरीदते-बेचते समय आप IBJA के रेट का हवाला दे सकते हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक ibja देशभर के 14 सेंटरों से सोने-चांदी का करेंट रेट लेकर इसका औसत मूल्य बताता है। सोने-चांदी का करेंट रेट या यूं कहें हाजिर भाव अलग-अलग जगहों पर अलग हो सकते हैं पर इनकी कीमतों में थोड़ा अंतर होता है।

पहली दिसम्बर से प्रत्येक आभूषणों की हालमार्किंग को अनिवार्य कर दिया गया है। कारोबारियों ने मेकिंग चार्ज में बढ़ोतरी कर दी है। प्रति ग्राम सोने का आभूषण 50 से 100 रुपये तक महंगा कर दिया गया है। हॉलमार्किंग सोने की शुद्धता का प्रमाण है। भारत में सोने के आभूषणों में हॉलमार्क की शुरुआत वर्ष 2000 से हुई।

विश्व कप के लिए टीम का ऐलान जेमिमाह व शिखा को नहीं मिली जगह

मुंबई (वार्ता)। मार्च में होने वाले महिला वनडे विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का चयन हो गया है। 15 सदस्यीय टीम में रेणुका सिंह, मेघना सिंह और यास्तिका भाटिया जैसी युवा खिलाड़ियों को जगह दी गई है जबकि अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ शिखा पांडेय और बल्लेबाज़ जेमिमाह रॉड्रिग्स को बाहर रखा गया है। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर युवा तेज़ गेंदबाज़ों मेघना सिंह और रेणुका सिंह ने अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए 32 वर्षीय तेज़ गेंदबाज़ शिखा को इस टीम में जगह नहीं मिली है। इसी तरह इस दौरे पर 21 वर्षीय बल्लेबाज़ यास्तिका ने भी बढ़िया प्रदर्शन किया था, इसलिए जेमिमाह और हरलीन देओल भी टीम में नहीं है। मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर, स्मृति मांधना, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष और तानिया भाटिया आदि को जगह मिली।

शेयर बाजार में साल की सबसे बड़ी गिरावट

नई दिल्ली। ओमिक्रॉन की चिंता में अमेरिकी बाजार बुधवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। इसका असर आज घरेलू शेयर मार्केट पर भी दिख रहा है। आज यानी गुरुवार को बाजार गिरावट के साथ खुला। इसी के साथ पिछले चार दिन की तेजी थम गई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 491 अंक टूटकर 59,731.75 के स्तर पर खुला। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने आज के दिन के कारोबार की शुरुआत 17768 के स्तर से की।

बता दें बुधवार को डाऊजोंस 392 अंक लुढ़ककर 36407 और नैस्डैक 522 अंकों की गिरावट के साथ 15100 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एस एंड पी में 93 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। यह 4700 पर बंद हुआ।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 513.02 अंकों की गिरावट के साथ 59,710.13 के स्तर पर था तो वहीं निफ्टी 182.55 अंक लुढ़ककर 17,742.70 के स्तर पर था। वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और एचडीएफसी, इंफोसिस तथा टीसीएस के शेयरों के नुकसान में जाने के साथ बृहस्पतिवार को कारोबार में बीएसई सेंसेक्स में करीब 800 अंकों से अधिक की गिरावट आयी।

भारतीय मानक ब्यूरो के 75वें स्थापना दिवस पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने दी बधाई

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में वस्तुओं के बनाने और बिकने वाली मानकीकरण और गुणवत्ता के नियमन निर्धारण करने वाली एजेंसी भारतीय मानक ब्यूरो गुरुवार को अपना 75 वां स्थापना दिवस मना रही है। खाद्य, आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने बीआईएस के स्थापना दिवस पर संस्थान के काम की सराहना की है और इसके अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामना दी है। श्री गोयल ने ट्विटर पर एक संदेश में कहा, भारतीय मानक ब्यूरो के 75वें स्थापना दिवस पर मैं सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनायें देता हूँ। श्री गोयल ने कहा बीआईएस ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए एक वर्ष में 1,028 मानक निर्धारित किये और 3,484 मानकों की समीक्षा की है, जो उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद पहुंचाना सुनिश्चित करता है। गोयल ने पिछले वर्ष इसके 74वें स्थापना दिवस पर इसके संस्थापक, निदेशक पद्मश्री डॉ. लाल सी. वर्मन की मूर्ति का भी अनावरण किया था।

पहल

अभियान में वंचित बच्चों के बीच स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता को बढ़ावा देने की पहल शामिल

एमवे इंडिया का बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहन

मुंबई। लोगों को बेहतर, स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप ही एक उद्यमी-नेतृत्व वाली स्वास्थ्य और कल्याण कंपनीएमवे इंडिया भारत भर में अपने नौ एनजीओ पार्टनर्स के सहयोग से वंचित बच्चों के बीच स्वस्थ जीवन, पोषण और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा दे रही है। अपने सीएसआर कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट सनराइज' के तहत अपनी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में नया अभियान 'स्वस्थ तन स्वस्थ मन' स्वास्थ्य और कल्याण पर केंद्रित मजेदार गतिविधियों के साथ युवा दिमागों को जोड़ने पर केंद्रित है।

प्रोजेक्ट सनराइज के माध्यम से एमवे इंडिया वंचित बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता तक पहुंच प्रदान करके उनके उत्थान और समग्र कल्याण का समर्थन करती रही है। अभियान 'स्वस्थ मन स्वास्थ्य तन' इसी उद्देश्य से जुड़ा हुआ है। अभियान के एक हिस्से के रूप मेंएमवे इंडिया ने एक लर्निंग वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसमें योग और पोषण व व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी आदतों पर एक सत्र शामिल था। इसके अलावा वर्कशॉप में मनोरंजक गतिविधियों को जोड़ते हुए बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया और मिट्टी व आटे का उपयोग करके पौष्टिक भोजन की थालिया तैयार की गईं। इन गतिविधियों को जागरूकता फैलाने, बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस पहल के बारे में बात करते हुए एमवे इंडिया केसीनियर वाइस प्रेजिडेंट, ईस्ट एंड वेस्ट रीजनचंद्र भूषण चक्रवर्ती ने कहा, बच्चे हमारे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। उन्हें पूरी देखभाल के साथ पोषित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्षों से एमवे इंडिया ने भारत भर में वंचित बच्चों के समग्र विकास में उनकी सहायता करके उनके जीवन को काफी समृद्ध किया है। हमारा उद्देश्य उनके समग्र विकास और कल्याण को विकसित करने व सक्षम करने के लिए उन्हें एक मंच प्रदान करना है। हमारे प्रोजेक्ट सनराइज के एक भाग के रूप मेंहर सालहम अपने एनजीओ पार्टनर्स के सहयोग से वंचित बच्चों के लिए स्वास्थ्य और कल्याण पर केंद्रित कई पहलों का आयोजन करते हैं, ताकि उन्हें मौजूदा अभूतपूर्व दौर में हमेशा बदलती दुनिया का सामना करने में सक्षम बनाया जा सके। कल्याण पर हमारे विशेष ध्यान देने को देखते हुए हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है और बच्चों के बीच स्वच्छता व बहुत कम उम्र में आत्म-देखभाल के महत्व को पैदा करना है। हमें विश्वास है कि ये पहल इन बच्चों के विकास में एक लंबा सफर तय करेंगी। एमवे ने 2008 में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्रों में वंचित बच्चों की मदद करने और उन्हें सशक्त बनाने की दृष्टि से प्रोजेक्ट सनराइज की शुरुआत की थी।

कोरोना काल में लोगों ने बदला निवेश का तरीका

नई दिल्ली। कोरोना काल में लोगों के निवेश का तरीका बदला है। बीते दो साल के आंकड़ों पर गौर करें तो लोगों का रुझान शेयर बाजार की ओर बढ़ा है। दरअसल, दो साल के भीतर डीमैट खातों की संख्या में दोगुना इजाफा हुआ है। नवंबर, 2021 की स्थिति के अनुसार डीमैट खातों की संख्या 7.7 करोड़ पर पहुंच गई है। वहीं मार्च 2019 में डीमैट खातों की संख्या 3.6 करोड़ थी। लॉकडाउन में बढ़ी दिलचस्पीः कोरोना वायरस महामारी और उसकी रोकथाम के लिए लगाए गए 'लॉकडाउन' के कारण घर से काम शुरू होने के साथ लाखों की संख्या में युवाओं ने निवेशक के तौर पर बाजार में कदम रखा है। ब्रोकरेज कंपनियों ने उस समय से अबतक करीब 10 लाख डीमैट खाते खोले। इसमें 75 प्रतिशत निवेशक 30 साल से कम उम्र के हैं।

सेबी प्रमुख अजय त्यागी के मुताबिक वित्त वर्ष 2019-20 से हर महीने औसतन 4 लाख नये डीमैट खाते खोले गए। यह 2021 में तीन गुना बढ़कर 20 लाख प्रति माह हो गया और नवंबर, 2021 में बढ़कर लगभग 29 लाख प्रति माह हो गया। यह वित्त वर्ष 2019-20 यानी कोविड-पूर्व स्तर के मुकाबले सात गुना से भी अधिक है। उन्होंने कहा, ''वास्तव में संचयी रूप से डीमैट खातों की संख्या नवंबर, 2021 में बढ़कर 7.7 करोड़ पहुंच गयी, जो मार्च, 2019 में 3.6 करोड़ थी।

नपा अध्यक्ष के कार्यकाल का दो वर्ष पूरा, गिनाई उपलब्धियां

स्थानीय विधायक और कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल के दो साल पूर्ण होने पर गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने प्रेस कांन्फ्रेस की। जिसमें उन्होंने अपनी उपलब्धियां गिनाई और दो साल के विकास कार्यो का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसके साथ ही आने वाले समय में होने विकास कार्यो की जानकारी भी साझा की। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, गुलेश्वरी ठाकुर, विष्णु मरकाम, सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद ठाकुर भी मौजूद थे। नपा अध्यक्ष मेमन ने कहा कि बीते दो साल में मैंने जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया। नगर के विकास को पहली प्राथमिकता मानते हुए स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित गरियाबंद के परिकल्पना को पूरा करने की कोशिश की। आम नागरिकों की सुविधा को लेकर मूलभूत व्यवस्थाओं को दूरूस्त किया गया है। उन्होंने विश्वास के साथ कहा कि आज नगर पहले की अपेक्षा बेहतर नजर आने लगा है। नगर की गलियां और चौराहे रोशनी से जगमगा रहे है। इसके अलावा लोगो की समस्याओं का भी तत्परता से निराकरण होने लगा है। सड़कों व गलियों में पेवर ब्लाक लगने से धूल में कमी आई है। कहा कि एनएच से अनुमति मिली तो मुख्य मार्ग से भी धूल हट जाएगी।

दो साल में हुए इतने विकास कार्य

नपा अध्यक्ष मेमन ने बताया कि बीते दो साल में नगर में लगभग 6 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत हुए है। जिसमें 3 करोड़ के कार्य पूर्ण हो गए है, शेष कार्य प्रगति पर है। इसमें विभिन्न वार्डो में सीसी सड़क, नाली निर्माण, पाइप लाइन विस्तार, पेवर ब्लाक कार्य से संबंधित 2 करोड़ 92 लाख रूपए के 64 कार्य पूर्ण हो चुके है। वहीं 84 लाख के 16 कार्य प्रगति पर है। उद्यान निर्माण, विद्युतीकरण, सीसी सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 69 लाख के 19 कार्य स्वीकृति हो चुके है। जिसका शीघ्र काम चालू होगा। इसके अलावा उन्होने आगामी समय के लिए प्रस्तावित लंबित कार्यो की भी जानकारी दी।

विकास कार्य शासन स्तर पर स्वीकृति लंबित

छिंद तालाब, देवानिन तालाब और नया तालाब से गंदे पानी निकासी के लिए एक करोड़, छिंद तालाब व देवानिन तालाब के सौदर्यीकरण के लिए 4 करोड़ 75 लाख, रावनभाठा तालाब के सौदर्यीकरण के लिए 25 लाख, महरीन डबरी के लिए सौदर्यीकरण कार्य के लिए 50 लाख, शांति फ्युज से कैनाल सड़क मजरकटा के पानी निकासी के लिए 35 लाख रूपए के प्रस्ताव शासन से स्वीकृति हेतु भेजा गया है। साथ ही स्काई लिप्ट मशीन और रोड स्वीपींग मशीन के लिए भी राशि की मांग की है। ये इन सभी कार्या के स्वीकृति मिलने के बाद नगर का स्वरूप बदला हुआ नजर आएगा।

कांग्रेसियो के प्रदर्शन पर साधा निशाना

इस दौरान नपा अध्यक्ष ने स्थानीय विधायक और कांग्रेसियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक से अब तक कोई सहयोग नहीं मिला। वहीं शासन स्तर की मांग को लेकर कुछ कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। मेरे विरूध्द नारेबाजी की। इससे उनकी ही किरकिरी हुई। छत्तीसगढ़ में गरियाबंद पहला जिला है जहां कांग्रेसी अपने सरकार के विरूध्द प्रदर्शन करते रहे। यह कांग्रेसियो के मंदबुध्दि का परिचायक है। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझे अपना सेवक चुना है और मैं सच्चे सेवक के रूप में जनता की सेवा कर रहा हूं। जिससे कुछ कांग्रेसियों की कड़ी बौखलाहट नजर आ रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष ने अस्थायी सब्जी बाजार का किया निरीक्षण

कोरोना संक्रमण रोकथाम के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण के बढ़ते क्रम को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने शहर में मेन मार्केट में लगने वाले सब्जी बाजार को अलग-अलग स्थानों पर अस्थायी तौर पर लगाये जाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा के साथ राजनांदगांव मार्ग सुमीत बाजार के सामने, सरदार पटेल मैदान, राजीव पार्क का निरीक्षण किया। उन्होनें निरीक्षण के दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोरोना मरीज मिल रहे वार्डो में सेनेटाईज कराएं, गुरूतेग बहादुर चौक से लेकर विंध्यावासिनी मंदिर पीछे हेतु कर्मा चौक तक लगने वाले सब्जी बाजार को शहर के तीन स्थानों पर अलग-अलग जगह लगाया जाने हेतु निर्देशित किया। फुटकर सब्जी व्यापारी जो नवीन बाजार गुरूतेग बहादुर चौक से लेकर कर्मा चौक तक, महावीर स्वामी चौक, राजमहल चौक, अंबेडकर चौक व अन्य स्थानों पर बैठने वाले सब्जी व्यापारियों को लोहारा मार्ग सुमीत बाजार के सामने, सरदार पटेल मैदान, राजीव गांधी पार्क राजमहल चौक सब्जी विक्रय हेतु जगह निर्धारित किया गया है। निर्धारित स्थानों में सब्जी विक्रय दुकानों के अलावा अन्य जगहों में दुकान लगाने पर जुर्माना व सब्जी जब्ती की कार्यवाही होगी।

महासमुंद विधायक ने किया एनएसएस शिविर का शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने आशी बाई गोलछा शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुन्द की राष्ट्रीय सेवा योजना का ग्राम सोरिद में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत सोरिद में आशी बाई गोलछा शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुन्द की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आयोजित है। अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, विधायक प्रतिनिधि दाऊलाल चंद्राकर, सरिता तिवारी, सेवती बाई ध्रुव, प्रमोद तिवारी, राजेश शर्मा, ईश्वर ध्रुव, आइशा बेगम, प्राचार्य सिन्हा मौजूद थे। एनएसएस की छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति भी दी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव ने कहा कि युवा राष्ट्र की अनमोल धरोहर है। युवाओं को राष्ट्र के निर्माण के लिए अपने दायित्व को समझना होगा। क्योंकि शिक्षा के साथ-साथ हम सभी को अपने सामाजिक दायित्व का अनुभव भी करना होगा और समझना होगा। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना मानसिक स्तर बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

78 लाख 40 हजार रूपये की मंजूरी दिलाने पर संसदीय सचिव का ग्रामीणों ने जताया आभार

- **रमन टोला के साथ ही महर्षि विद्या मंदिर तक होगा सीसी रोड के साथ नाली निर्माण**

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मचेवा में 78 लाख 40 हजार की लागत से सीसी रोड सह नाली निर्माण की सौगात दिलाने वाले पर नागरिकों ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर का अभिनंदन किया। इस दौरान नागरिकों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार भी व्यक्त किया। गुरूवार को मचेवा क्षेत्र के नागरिक विधायक चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत मचेवा में सीसी रोड सह नाली निर्माण के लिए 78 लाख 40 हजार रुपए की स्वीकृति दिलाने पर संसदीय सचिव का आभार जताते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य किशन देवांगन ने बताया कि स्वीकृत राशि से मचेवा चौक से महर्षि विद्या मंदिर तक 330 मीटर तक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से शिव मंदिर रमन टोला तक साढ़े चार सौ मीटर व शिव मंदिर से शेष नारायण साहू घर तक सीसी रोड के साथ ही नाली निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए वे स्वयं तथा परमानंद साहू लगातार विधायक का ध्यानाकर्षित कराते रहे। जिसे उन्होंने गंभीरता से लिया। बाद इसके सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए 78 लाख 40 हजार रुपए की स्वीकृति मिल सकी। इस अवसर पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। शहर के साथ-साथ गांवों में प्राथकिता के साथ विकास कराए जा रहे हैं। जनता के विश्वास की बदौलत वे सेवा कर पा रहे हैं।

सेन समाज के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

असेन समाज सिरपुर परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने सामाजिक गतिविधियों के संबंध में चर्चा करने के साथ ही आगामी दिनों में होने वाली सामाजिक बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आमंत्रित किया। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने उनका आमंत्रण स्वीकार किया।

पंचायत चुनाव के प्रत्याशियों को मिला चुनाव चिन्ह, 20 को मतदान

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के शेष प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह का आबंटन कर दिया गया हैं। भाटापारा जनपद क्षेत्र के 4 ग्राम पंचायतों के सरपंच के लिए 15 प्रत्यासी मैदान मे शेष है वही 5 ग्राम पंचायतों के पंच निर्विरोध हो गए जबकि 2 पंचायतों के वार्डो में सीधा मुक़ाबला होगा। सरपंचों तथा पंचों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आम निर्वाचन, उप निर्वाचन के तहत जारी की गई अधिसूचना के तहत चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र 3 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे तक जमा किया गया। तत्पश्चात नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 4 जनवरी 2022 को हुई और प्रत्याशियों से नाम वापस लेने की आज 6 जनवरी 2022 को अपरान्ह 03 बजे तक का समय निर्धारित था। निर्धारित समयावधि पश्चात निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन और प्रतीक आबंटन कर निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया। पंचायत चुनाव रिटर्निग अधिकारी ज्योति मशियारे ने बताया कि ब्लाक के ग्राम पंचायत खपरी एस, कैथी, टोपा और पेंड्री पंचायत के सरपंच पद के लिए चुनाव होना है। चुनाव के लिए 20 जनवरी 2022 को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक मतदान तथा मतदान के बाद मतदान केंद्रों पर मतगणना होगी एवं 22 जनवरी को सुबह 9 बजे से सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जाएगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छत्तीसगढ़ में घटी ...

रहा है। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान भी देशव्यापी आर्थिक मंदी से छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था अछूती रही। तब भी छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर पूरी तरह नियंत्रित रही। अब नये आंकड़ों के मुताबिक जहां देश में बेरोजगारी दर में लगातार चिंताजनक उछाल है, वहीं छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर केवल 2.1 प्रतिशत है।

पंजाब में हुई ...

मार्ग से जाना पड़ा लेकिन इस दौरान हुसैनीवाला से 30 किलोमीटर दूर रास्ते में प्रदर्शनकारी मिल गए जिस कारण उनका काफिला तकरीबन 20 मिनट बेहद असुरक्षित क्षेत्र में रुका रहा। जिस इलाके में पीएम मोदी का काफिला रुका था, वह आतंकियों के अलावा हेरोइन तस्करों का गढ़ माना जाता है। पिछले साल सितंबर माह में इसी क्षेत्र में आतंकी वारदात को अंजाम दिया गया था। लिहाजा केंद्रीय गृह मंत्रालय के अलावा पीएम सिक्योरिटी के तमाम अधिकारियों के चेहरे पर शिकन पैदा होना जायज था। इसके बाद से पंजाब में सियासत गरमा गई थी।

सीएम भूपेश ने कहा-प्रधानमंत्री ...

सरकार के अधिकारियों को मौसम के बारे में पहले से पता नहीं था? अगर सड़क मार्ग से लेकर जाना था तो पहले बताना था, पंजाब सरकार व्यवस्था करती। क्या प्रधानमंत्री सिर्फ खाली कुर्सियों को भाषण देने जा रहे थे? क्योंकि कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ नहीं थी सिर्फ वहां खाली कुर्सियां थी।

देश ने दो प्रधानमंत्रियों को खोयाञ्पीएम की सुरक्षा सर्वोपरि

हालांकि पूरे प्रेस मीट में सीएम भूपेश ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा देश की सर्वोच्च प्राथमिकता है क्योकिं देश ने दो-दो प्रधानमंत्री को खोया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को तीन जगह सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। सीएम ने कहा कि पंजाब की कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए ये षड्यंत्र रचा गया, चुनी हुई सरकार को बदनाम करके कैसे अपदस्थ किया जा सके इसके लिए सारी योजनाएं बनाई गईं। कुर्सियां खाली थीं तो वहां जा क्यों रहे थे? बघेल ने इसे भाजपा के द्वारा तैयार की हुई स्क्रिप्ट बताया है, जिसका मकसद चुनी हुई सरकार को बदनाम करना है। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी को इतना नीचे नहीं गिरना चाहिए था, इतना नीचे आकर बयान नहीं देना चाहिए था कि जान बच गई। राजनीतिक लाभ के लिए इस तरह से बयान दिया, ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

चूक को स्वीकार किया है, और एसपी को बर्खास्त भी किया है।

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि पिछले 24 घंटे से पूरे देश में अंतरराष्ट्रीय विषय पर चर्चा चल रही है। सभी को जानकारी है, प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के साथ किनकी क्या जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री सुरक्षा की टीम लोकल प्रशासन से कॉर्डिशन करती है। सभी के कॉर्डिनेशन के बाद लोकल पुलिस सहमति देती है, कि आप बाय रोड जा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे में प्रोटोकॉल नियमों का पालन नहीं हुआ है।

भाजपा ने कहा- पहले ...

चूक को स्वीकार किया है, और एसपी को बर्खास्त भी किया है।

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि पिछले 24 घंटे से पूरे देश में अंतरराष्ट्रीय विषय पर चर्चा चल रही है। सभी को जानकारी है, प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के साथ किनकी क्या जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री सुरक्षा की टीम लोकल प्रशासन से कॉर्डिशन करती है। सभी के कॉर्डिनेशन के बाद लोकल पुलिस सहमति देती है, कि आप बाय रोड जा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे में प्रोटोकॉल नियमों का पालन नहीं हुआ है।

मूणत ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं मैं कोविड के कारण नहीं जा पाऊंगा। प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल में राज्य के डीजीपी और मुख्य सचिव उपस्थित होते हैं, लेकिन वहाँ कोई मौजूद ही नहीं था। पंजाब सरकार की पूरी सोची-समझी साजिश है। लोकल पुलिस आंदोलनकरियों के साथ हंसी-मजाक करते नजर आती है।

नीट-पीजी पर सुप्रीम...

करने वाली चिकित्सा परामर्श समिति की 29 जुलाई की अधिसूचना को चुनौती दी गई है. याचिकाकर्ताओं ने नीट के अखिल भारतीय कोटे में ईडब्लूएस और ओबीसी आरक्षण को चुनौती दी हुई है. नीट-पीजी काउंसिलिंग पर सुनवाई आज भी नीट-पीजी काउंसिलिंग 2021 के लिए ईडब्ल्यूएस कोटे पर सुनवाई गुरुवार को भी सुप्रीम कोर्ट में होगी

खराब मौसम की ...

कुल 14 लोग सवार थे। हादसे में सभी की मृत्यु हो गई थी। बुधवार को वायुसेना ने तीनों सेनाओं द्वारा की गई जांच के निष्कर्षों से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया। एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह ने इस हादसे की कोर्ट ऑफइन्क्वायरी का नेतृत्व किया है।

नीरज पाल भिलाई के...

निगम की कमान उन्हीं के हाथों में आनी है।

कई राजनीतिक पंडितों के लिए नीरज पाल का नाम महापौर के लिए अप्रत्याशित इसलिए था क्योंकि उनके गुणा-भाग में यह पद सामान्य वर्ग के लिए था। वहीं कई लोग कुछ पार्षदों को मुख्यमंत्री तो कुछ को विधायक का समर्थक बताकर उनके नाम पर अंतिम मुहर लगा रहे थे। महापौर और सभापति दोनों पद कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग को देकर बड़ा जोखिम मोल लिया है। इसके परिणाम दूरगामी तो होंगी ही, किन्तु तत्काल भी देखने को मिले, जब वरिष्ठ महिला पार्षद सुभद्रा सिंह ने खुलकर नाराजगी जाहिर करते हुए बगावत का ऐलान कर दिया। उन्होंने न केवल महापौर पद के लिए नामांकन दाखिल किया, अपितु स्थानीय नेताओं की शिकायत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया से करने की भी बात कही। हालांकि बाद में उन्हें मना लिया गया और उनका नामांकन वापस हो गया। इस दौरान सुभद्रा सिंह ने अपनी पार्षदी छोडने् का भी प्रस्ताव कांग्रेस के नेताओं को दे दिया। बात सिर्फ इतनी ही नहीं है।

सभापति पद के लिए एक नए नवेले पार्षद का नाम आगे बढ़ाने के पीछे भी नई कहानी सामने आई है। जिस तरह से कांग्रेस ने भिलाई-चरोदा व रिसाली निगम में साहू समाज को किनारे लगाया, उसके बाद इस समाज के भीतर गहन निराशा और नाराजगी देखी जा रही थी। साहू समाज को भाजपा का मुख्य वोट-बैंक माना जाता है, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में इस समाज ने कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग की थी। साहू समाज के कई व्हाट्सएप ग्रुप्स में यह चर्चा कई दिनों से चल रही थी कि कांग्रेस ने पहले विधानसभा चुनाव और अब नगरीय निकाय के चुनाव में उनका सिर्फ उपयोग किया और पद देने की बारी आई तो दूसरे समाजों को आगे कर दिया। इस नाराजगी की भनक कांग्रेस के रणनीतिकारों को भी थी। इसीलिए सभापति पद के लिए अचानक ही एक नए नाम गिरवर बंटी साहू को आगे किया गया। आने वाले दिनों में यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि गिरवर साहू उस सभा का संचालन बतौर सभापति किस तरह से कर पाएंगे, जिसमें विपक्ष के रूप में वशिष्ठ नारायण मिश्रा, पीयूष मिश्रा, रिकेश सेन और दया सिंह जैसे धाकड़ पार्षद मौजूद रहेंगे।

दोनों पद पिछड़ा वर्ग को

कांग्रेस ने महापौर और सभापति के पद पिछड़ा वर्ग की झोली में डाल दिए हैं। यह एक बड़ा जोखिम है, लेकिन इसके पीछे पार्टी की भविष्य की रणनीति भी दिख रही है। पूर्व में माना जा रहा था कि भिलाई का महापौर वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से होगा और आगे चलकर वही इस विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का प्रत्याशी भी होगा। लेकिन टाउनशिप से महापौर बनाए जाने के बाद अनुमान लगाया जा सकता है कि क्यों विधायक देवेन्द्र यादव के कई करीबियों को किनारे लगा दिया गया। दरअसल, आने वाले दिनों में विधायक देवेन्द्र का ही करीबी पार्षद वैशाली नगर से दावेदारी करता दिख सकता है। जाहिर है कि वह सामान्य वर्ग से होगा। इसके जरिए कांग्रेस सामान्य वर्ग के मतदाताओं को साधने और उनकी नाराजगी दूर करने की भी कोशिश करेगी।

सुभद्रा की नाराजगी के मायने

सुभद्रा सिंह को आक्रामक राजनीति करने वाली नेत्री के रूप में जाना जाता है। पार्षद निर्वाचित होने के बाद से उन्होंने लगातार और बार-बार इस बात पर जोर दिया था कि क्योंकि अन्य वर्गों को महत्वपूर्ण पदों में आरक्षण का लाभ मिल जाता है, इसलिए सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित भिलाई महापौर पद के लिए इसी वर्ग से प्रत्याशी होना चाहिए। उन्होंने इस बात को कल ही रायपुर में प्रभारी मंत्री मो. अकबर और चुनाव प्रभारी गिरीश देवांगन के समक्ष रिपीट किया था। आज जब महापौर के लिए नीरज पाल और सभापति के लिए गिरवर बंटी साहू के नाम सामने आए तो सुभद्रा सिंह की नाराजगी स्वाभाविक थी। अगली बार महापौर पद के लिए सामान्य वर्ग को जब मौका मिलेगा, तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। यही वजह थी कि नाराज सुभद्रा ने रोते-बिलखते हुए महापौर चुनाव लडने् का फैसला किया और नामांकन भी दाखिल कर दिया। जब उनकी मान मनौव्वल शुरू हुई तो उन्होंने पार्षद पद से इस्तीफा तक देने की पेशकश कर दी। हालांकि वे बाद में मान भी गईं और अपना नामांकन भी वापस ले लिया। किन्तु कांग्रेस पार्टी को उनकी नाराजगी के मायनों को भी समझना होगा।

7-7 पार्षदों ने ली शपथ

इससे पहले कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सभी पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पार्षदों को 7-7 की संख्या में शपथ ग्रहण करवाई गई। इसके लिए सुबह 10 बजे का वक्त तय किया गया था। इस दौरान कांग्रेस व भाजपा के सीनियर नेता भी मौजूद रहे। मतगणना पश्चात जब यह तय हो गया कि कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिल गया है, तभी से सभी पार्षदों को पुरी के लिए रवाना कर दिया गया। पुरी में पॉलिटिकल टूर से कल ही सभी कांग्रेस पार्षद रायपुर लौटे। वहां से सभी को आज सुबह भिलाई लाया गया। इसके बाद शपथ ग्रहण और फिर महापौर व सभापति के चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई।

कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास) जिला-धमतरी (छ.ग.)

// निविदा आमंत्रण //

// संक्षिप्त निविदा सूचना का प्रारूप //

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 25 दिनांक 04/01/2022 महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-धमतरी की ओर से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना (वर्ष 2021-22) के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम पूजा/उपहार सामाग्री के लिए इच्छुक अधिकृत विक्रेताओं/ निविदादाताओं से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला प्रकोष्ठ-धमतरी के कार्यालय से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रु. 500/- (पांच सौ रुपए मात्र) को **0235 सामाजिक सुरक्षा व कल्याण 08-अन्य प्राप्तियों मद** में चालान की मूल प्रति दिनांक 25/01/2022 तक प्रस्तुत कर कार्यालयीन समय में (10.30 से 05.30 बजे तक) प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के प्रारूप एवं शर्तें जिले की वेबसाईड www.dhamtari.gov.in से देखे जा सकते हैं।

निविदा प्रपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि	24/01/2022 समय 5.00 बजे अपरान्ह
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	25/01/2022 समय 2.00 बजे अपरान्ह
निविदा खोलने की तिथि	25/01/2022 समय 3.00 बजे अपरान्ह

संलग्न :- निविदा के प्रारूप एवं शर्तें

स्थान :- महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-धमतरी

कलेक्टर
जिला- धमतरी (छ.ग.)

जी-66542/1

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर

ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.409 दिनांक 30.12.21
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भूमि 62/नया जो कि निगम अभिलेख में श्री तुलसी राम यदु s/o स्व. रामप्रसाद यदु के नाम से दर्ज है जिसको श्री विजय यदु s/o स्व. तुलसी राम यदु ने रजिस्ट्री/ लिखित, शपथ पत्र, सहमति पत्र द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर

ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.418 दिनांक 04.01.22
वार्ड का नाम वार्ड- पं. सुन्दरलाल शर्मा-42

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-42 स्थित भवन/भूमि A00039 जो कि निगम अभिलेख में श्री रामाधार कश्यप s/o जोहन लाल कश्यप के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती सरला कश्यप w/o स्व. रामाधार कश्यप, यामिनी वर्मा w/o कृष्णकुमार वर्मा 3. लवलीन कश्यप D/o स्व. रामाधार कश्यप ने रजिस्ट्री/ लिखित, शपथ पत्र, सहमति पत्र द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा बेलभाठा (अभनपुर) जिला रायपुर में निर्मित अटल आवास योजनांतर्गत भवन क्र.-180, श्री परमानंद सेन पिता स्व. श्री हरख राम सेन के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 3743 दिनांक 19.07.2013 के माध्यम से एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 03.12.2013 को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी श्री परमानंद सेन पिता स्व. श्री हरख राम सेन निवासी- ग्राम नायकबांधा, दुर्गा चौक पो. व तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) की मृत्यु दिनांक 27.10.2021 को हो जाने के कारण श्री गीतेश्वर कुमार सेन पिता स्व. श्री चिन्ताराम सेन निवासी-नायकबांधा, दुर्गा चौक पो. व तहसील अभनपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, पारिवारिक सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन श्री गीतेश्वर कुमार सेन पिता स्व. श्री चिन्ताराम सेन के नाम पर मृत्यु उपरांत नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय अथवा वित्तीय संस्था को उक्त भवन का मृत्यु उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा बेलभाठा (अभनपुर) जिला रायपुर में निर्मित अटल आवास योजनांतर्गत भवन क्र.-38, श्री समलिया राम साहू पिता स्व. श्री मंगलू राम साहू पता-ग्राम-गिरोला, पो. जामगांव, तहसील अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 19.03.2010 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 12.09.2014 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्रीमती सरोज सेन पति श्री खेदू राम सेन पता- ग्राम व पोस्ट-केन्द्री, तहसील अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 16.12.2014 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्रीमती सरोज सेन पति खेदू राम सेन द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय अथवा वित्तीय संस्था को उक्त भवन का मृत्यु उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

सुपोषण वाटिका में लाल भाजी, पालक और मूली तैयार

आंगनवाड़ी केंद्रों में चल रहा है पोषण के लिए प्रयास

राजनांदगांव। सुपोषण अथवा अच्छी सेहत के लिए बच्चों, गर्भवती महिलाओं व शिशुवती माताओं को आंगनवाड़ी केंद्र और घर की बाड़ी में उगाई हुई सब्जियां परोसी जा रही हैं। इसके लिए जिले में 3,501 पोषण वाटिका बनाई गई हैं, जहां पर लालभाजी, पालक, मुनगा व पपीता जैसे कई पौष्टिक फल-सब्जियां उगाई जा रही हैं तथा लाभार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही पौष्टिक साग-सब्जी एवं फल मिलने लगे हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिले में सुपोषण के प्रयासों के फलस्वरूप 3,501 आंगनवाड़ी केंद्रों में इन दिनों पोषक तत्वों से भरपूर लाल भाजी, पालक भाजी और मूली जैसी सब्जियां लहलहा रही हैं। कुपोषण से लड़ने के लिए पौष्टिक आहार सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। पौष्टिक आहार में भी हरी पत्तेदार सब्जियां एवं फल अति आवश्यक तत्व हैं। स्थानीय उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से हरी पत्तेदार सब्जियों की सतत् आपूर्ति करने के लिए ही जिले में सुपोषण वाटिका के निर्माण को प्रमुखता दी गई है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु

प्रकाश ने बताया, आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से वर्ष भर 03 से 06 वर्ष के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को गरम भोजन या कोरोना संक्रमण काल में सूखा राशन प्रदाय किया जाता है। गरम भोजन में चावल, दाल, रोटी तथा सब्जी दी जाती है। इसके साथ ही साल के 12 महीनों में सब्जी की उपलब्धता बनी रहे एवं स्वाद तथा पोषण की पूर्ति होती रहे, इसके लिए पोषण वाटिकाओं का विकास कर उसमें स्थानीय साग-भाजी उगाई जाती है। इसी तरह जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरे वर्षभर उपलब्ध होने वाली साग-भाजी जैसे लाल भाजी, पालक भाजी, मेथी भाजी, धनिया आदि तथा मुनगा, पपीता, अमरूद, आम, केला आदि का रोपण आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका बनाकर किया गया है। जिले में 12 परियोजनाओं के लगभग सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा हितग्राहियों के घरों में सुपोषण वाटिका विकसित की गई हैं, ताकि आंगनवाड़ी के हितग्राही बच्चों, गर्भवती, शिशुवती माताओं के भोजन में पर्याप्त पोषण को बनाए रखा जा सके। 390 आंगनवाड़ी केन्द्रों सहित जिले में कुल 3,501 पोषण वाटिका बनाई गई है। इधर, सुपोषण वाटिका बनने से दुलकी गांव की गर्भवती महिला सरोज वर्मा बहुत खुश हैं। वह कहती हैं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों के माध्यम से पोषण संबंधी जानकारी तो समय-समय पर मिलती ही रही है, अब सुपोषण वाटिका की भाजी सहित अन्य हरी-ताजी सब्जियां भी खाने को मिल रही हैं, जो स्वयं तथा गर्भस्थ शिशु की सेहत के लिए फायदे की ही बात होगी।

यहां तैयार हैं सेहत के सूत्र

जिले के 75 शासकीय भवनों, गांव एवं शहरों के 483 उपयुक्त स्थानों तथा घरों की 2,553 बाड़ियों एवं छतों के साथ कुल 3,501 पोषण वाटिका निर्मित की गई है।

हरी सब्जियों के ये फायदे

पालक भाजी में विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-के, मैग्नीशियम, मैगनीज और आयरन पर्याप्त मात्रा में होते हैं। आंखों की रोशनी बढ़ाने, ऑक्सिडेटिव तनाव को कम करने और ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखने के लिए पालक भाजी का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। लाल भाजी छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध व लोकप्रिय सब्जी है। लाल भाजी की पत्तियां लाल रंग की होती हैं। इसे किसी भी मौसम में उगाया जा सकता है, लेकिन इसकी खेती ज्यादातर ठंड के मौसम में की जाती है। लाल भाजी में कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन-सी होने की वजह से सेहत के लिए यह बहुत फायदेमंद मानी जाती है। यह शरीर में खून की कमी को दूर करने में काफी मददगार होती है। मूली में भरपूर मात्रा में फॉलिक एसिड, विटामिन-सी और एंथोकाइनिन पाए जाते हैं, इसलिए विशेषकर कैंसर और डायबिटीज रोगियों की अच्छी सेहत के लिए यह बेहद फायदेमंद होती है। मूली के संतुलित सेवन से थकान मिटती है तथा मोटोपे की समस्या भी नहीं होती।

न्यूज गैलरी

मास्क नहीं तो सामान नहीं

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला अन्तर्गत कोविड-19 एवं नये वेरियन्ट ओमिक्रान के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम को ध्यान मे रखते हुए जिले मे स्थित समस्त सभी डीजल पेट्रोल पम्पों, व्यापारिक/व्यवसायिक केन्द्रों व मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं उक्त संस्थानों में आने वाले ग्राहकों के द्वारा मास्क/फेस कव्हर लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित संस्थान/व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

दिव्यांगजनों का शिविर स्थगित

गरियाबंद/नवप्रदेश। दिव्यांगजनों का चिकित्सा परीक्षण एवं मेडिकल प्रमाण पत्र तथा विशिष्ट पहचान पत्र यूडीआईडी कार्ड जारी किये जाने हेतु जिले के जनपद पंचायतों में मेडिकल शिविरों का आयोजन 3 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य किया गया था। राज्य में कोरोना महामारी के बढ़ते हुए संक्रमण की स्थिति एवं राज्य शासन व कलेक्टर द्वारा जारी कोविड-19 के गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए उक्त शिविरों को आगामी आदेश पर्यन्त पूर्णतः स्थगित किया गया है।

नपाध्यक्ष ने पंजाब नेशनल बैंक का शुभारंभ किया

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने ऋषभ देव चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक का दूसरे ब्रांच व एटीएम केन्द्र का शुभारंभ किया। नपा अध्यक्ष ने बैंक का शुभारंभ करते हुए ब्रांच मैनेजर व सभी स्टॉफ को बधाई व शुभकामनायें दी। व ग्राहकों को बेहतर सेवा देने को कहा। उन्होंनें शुभारंभ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ मे कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है इसके लिए शासन व प्रशासन द्वारा जारी कोरोना गाईड लाईन का अवश्य पालन करें। बैंक में आने वाले व्यक्तियों का हाथ सेनेटाईज करावें तथा बिना मास्क का बैंक में प्रवेश न देवे। ब्रांच मैनेजर ने बताया कि यूनाईटेड बैंक एवं ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स दोनो बैंक को मिलाकर करके पंजाब नेशनल बैंक में मर्ज किया गया है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, ब्रांच मैनेजर, स्टाफ उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया टीकाकरण कार्य का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली बचों का टीकाकरण महाअभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने गुरुवार को बेमेतरा जिले स्वामी आत्मानंद अग्रेजी माध्यम स्कूल एवं एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा मे टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधीश ने कहा कि आज 6 जनवरी गुरुवार को टीकाकरण से छूटे हुए युवाओं का टीकाकरण 07 जनवरी को संबंधित स्कूलों में किया जायेगा।

उप तहसील साल्हेवारा में नायब तहसीलदार कार्यालय का हुआ उद्घाटन

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गंडई दौरे में जारी घोषणा के परिपालन में तत्काल अमल करते हुए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने उप-तहसील साल्हेवारा में 4 जनवरी से ही तहसीलदार बैठाने के लिए निर्देश दिए। घोषणा के परिपालन में साल्हेवारा कॉलेज रोड के पास स्थित नवीन सामुदायिक भवन में छुईखदान जनपद पंचायत अध्यक्ष नीना ताम्रकार ने उपतहसील कार्यालय साल्हेवारा का उद्घाटन किया। उप तहसील कार्यालय साल्हेवारा में अमरदीप अंचल नायब तहसीलदार गंडई सप्ताह में 3 दिन उपस्थित रहकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करेंगे। इस अवसर पर तहसीलदार गंडई त्रिभुवन राम वर्मा, प्रभारी नायब तहसीलदार साल्हेवारा अमरदीप अंचल सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री सिंहदेव ने कोरोना से निपटने विभिन्न सामाजिक संगठनों से की सहयोग की अपील

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं बेमेतरा जिले के प्रभारी मंत्री टीएस सिंहदेव ने जिले के जनप्रतिनिधियों व्यापारियों एवं औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों, किसान मजदूर संगठनों, समाजसेवियों से वेबएक्स एप्प के जरिए वर्चुअल रुप से संबोधित किया। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड-19 एवं कोरोना के नये वेरियन्ट ओमिक्रान के संक्रमण से निबटने की जा रही तैयारियों के संबंध मे चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना से बचाव के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भीड़-भाड़ वाली जगहों मे जाने से बचें, मास्क एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करें। अति आवश्यक होने पर ही घर से निकलें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश मे फिलहाल लॉकडाउन लगाने की नौबत नहीं आयेगी। आर्थिक गतिविधियां जिसमें व्यवसाय व्यापार सतत् रुप से जारी रहेगी। प्रभारी मंत्री ने जिले के आला अधिकारियों को निर्देश दिए कि जमा खोरी को बढ़ावा न मिले और वस्तुओं के दाम लोगों को पूर्व की भांति मिले। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि इस पर सतत निगरानी रखें। खाद्य विभाग का अमला किसी भी वस्तु का कृत्रिम संकट पैदा न हो इसका विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य मंत्री ने समाज सेवी संगठनों से आव्हान किया है कि वे कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए जिला प्रशासन को मदद के लिए हमेशा तत्पर रहें। जिस प्रकार समाज सेवी संस्थाओं ने पहली एवं दूसरी लहर मे दिल खोलकर उदार मन से सेवा की थी, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अपना योगदान दिया था वे जिला प्रशासन से संपर्क कर सहयोग दे सकते हैं। हमें कोरोना के तीसरे लहर के फैलाव को पूरी तरह रोकना है। प्रभारी मंत्री ने यह भी कहा कि आम नागरिक अपने और अपने परिवार को सुरक्षित रखते हुए काम करें। नगरीय निकायों की भी इस कार्य मे महत्वपूर्ण भूमिका (रोल) है। पहली एवं दूसरी लहर से सबक लेते हुए शासन द्वारा जारी कोरोना गाइड लाइन का पालन करें। कलेक्टर ने 6 जनवरी को 15 से 18 वर्ष के आयु समूह के स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए चलाये गये विशेष अभियान की जानकारी जिले के प्रभारी मंत्री को दी। 06 जनवरी गुरुवार को टीकाकरण से छूटे हुए युवाओं का टीकाकरण 07 जनवरी को संबंधित स्कूलों मे किया जायेगा।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा से खिलवाड़ पर भाजयुमो आक्रोशित, पंजाब सीएम व राहुल गांधी का फूंका पुतला

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष ठाकुर पीयूष सिंह के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुरक्षा में हुई चूक पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम की सुरक्षा में घोर लापरवाही व चूक से षड्यंत्र की बू आती है।

इस देश का वह राज्य जहां कांग्रेस शासन में हो और वहां प्रवास के दौरान इस देश का प्रधानमंत्री ही सुरक्षित ना हो प्रधानमंत्री के सुरक्षा में ही सेंध लग जाए तो कांग्रेस शासित राज्यों में आमजन की क्या स्थिति होगी इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह केवल भाजपा या नरेंद्र मोदी का विषय नहीं था अपितु यह देश के प्रधानमंत्री के सुरक्षा का अत्यंत गंभीर विषय था। प्रदर्शनकारियों को आगे कर प्रदर्शनकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री के सुरक्षा में सेंध लगाने की इस हरकत के पीछे का असली चेहरा किसका है यह बात किसी से छुपी नहीं है। भारत की जनता सब देख रही है और जनता जवाब देती है मगर समय पर देती है। प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को पचा पाने में असमर्थ ऐसे सभी लोगों को युवा मोर्चा यह बता देना चाहता है कि प्रधानमंत्री के सुरक्षा से खिलवाड़ को भारतीय जनता युवा मोर्चा और भारत की जनता बर्दाश्त करने वाली नहीं है। सड़कों पर उतर कर आंदोलन होगा और जोरदार प्रदर्शन होगा। पुतला दहन में कवर्धा शहर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मयंक गुप्ता, जिला मंत्री सौरभ सिंह, अजय ठाकुर, अनिल साहू, योगेश महाजन, हुमलाल पटेल, अनमोल गुप्ता, तुषार साहू, मनीष साहू उपस्थित थे।

अवैध शराब, 1 गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ धड़पकड़ कार्यवाही में गुरुवार को ग्रामीण पुलिस की टीम ने अवैध शराब रेड कार्यवाही कर ग्राम अर्जुनी मेन रोड के पास 32 नग देसी मदिरा शराब, परिवहन करते आरोपी संजय टंडन पिता चमरू टंडन ग्राम आलेसुर थाना भाटापारा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा।

महापौर ने की सफाई कार्यो की समीक्षा, लचर व्यवस्था पर संबंधितों को सुधार के निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर हेमा देशमुख ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेकर लचर सफाई व्यवस्था पर नराजगी व्यक्त करते हुये गुणात्म सुधार के निर्देश दिये। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य गणेश पवार सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण संतोष पिल्ले, मधुकर वंजरी, सतीश मसीह, सुनीता फड़नवीस, पार्षद अरविन्द्र वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि संचिन टुरहाटे, उपायुक्त सुदेश कुमार सिंह, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी अजय यादव उपस्थित थे।

महापौर ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गयी है, ग्रामीण वार्ड मोहारा, कन्हारपुरी सहित शहर के आंतरिक वार्डो में भी साफ-सफाई का आभाव है। सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक अपने कार्य में उपस्थित नहीं रहते, नाली नालों की नियमित रूप से सफाई नहीं हो पा रही है। रात्रिकालीन सफाई ठीक से नहीं हो रही है, गोल बाजार क्षेत्र के लोगों द्वारा सफाई नहीं होने की शिकायत की गयी है। पार्षदों सहित नागरिकों ने भी इस संबंध में शिकायत किये है। आप सभी स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा, वार्ड चपरासी गंभीरता से कार्य करे। सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं अनुपस्थित कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही करें।

मेयर ने कहा कि प्रतिदिन निधारित समय तक गलियों, सड़कों व नालियों की सफाई करे, कचरा उठाये, डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करे। मेरे द्वारा भी शहर भ्रमण के दौरान सफाई में कमी पाई गई, उद्यानों में साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। प्रतिदिन वार्डो में 11-12 बजे तक सफाई कराने के उपरांत उद्यानों में सफाई कराना सुनिश्चित करें, चुना एवं दवाई का छिड़काव करे, मच्छर बढ़ने को ध्यान में रखते हुये प्रतिदिन फागिंग कराये। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन रजिस्टर की जांच प्रभारी सदस्य व स्वच्छता निरीक्षकों से करावे, सफाई में सुधार लाये तभी हम स्वच्छता रैंकिंग में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य गणेश पवार ने कहा कि सफाई कार्य समाप्ति उपरांत दोपहर 1 बजे उपस्थिति लेवे। निर्धारित समय तक कार्य नहीं करने वाले सफाई कर्मी को अनुपस्थित करे। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सभी क्षेत्रों में नहीं हो पा रहा है उसे पूरा करे, यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होंने कहा कि वार्डो में सफाई प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसमें ठेके के वार्ड में अलग प्रतियोगिता होगी और शत-प्रतिशत सफाई वाले वार्ड एवं अच्छे कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को पुरूस्कार दिया जावेगा।

शोक संदेश

अशोक साहू

भटगांव। नगर पंचायत भटगाव के राजस्व निरीक्षक के पर कार्यरत अशोक साहू का निधन 6/01/2022 हो गया जिससे नगर पंचायत में कार्य करने वाले सहपाठी कर्मचारियों में शोक व्याप्त हैं नगर पंचायत के कर्मचारियों ने अशोक कुमार साहू के निधन पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि - नगर पंचायत अधिकारी प्रदीप मिश्री, आईपी साहू, शरद देवांगन (सहायक उपनिरीक्षक,) लक्ष्मण पटेल, साजे साहू, घनश्याम वैष्णव, शिवराम देवागन, सतयेनद्र सिह बिशेन (सफाई दरोगा नगर पंचायत भटगाव) निनी नामदेव एवं सभी नगर पंचायत अधिकारी-कर्मचारियों ने दिया है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.410 दिनांक 30.12.21
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भूमि 62/नया जो कि निगम अभिलेख में श्री तुलसी राम यदु s/o स्व. रामप्रसाद यदु के नाम से दर्ज है जिसको श्री संतोष यदु s/o स्व. तुलसी राम यदु ने रजिस्ट्री/ लिखित/शपथ पत्र/ सहमति पत्र द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121 / 2021-22
साकिन- जरौद, प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश पिता रामदयाल जाति कुर्मी निवासी जरौद उप तहसील सुहेला तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। ग्राम जरौद प.ह.नं. 29 स्तित भूमि ख.नं. 1059, 1067 रकबा क्रमशः 0.134, 0.174 हे. भूमि चंद्रिका प्रसाद, बद्रीप्रसाद, ओमप्रकाश, सनत कुमार, बसंत कुमार, अश्वनी कुमार पिता रामदयाल जाति कुर्मी के शामिल नाम पर भूमि स्वामी हक में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के शामिल खाते दर्ज भूमि का किसान किताब जो कि गुम हो गया है जिसकी रिपोर्ट थाना भाटापारा में दर्ज कराया गया है। उक्त भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन मय बी-1 खसरा, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 14/01/2022 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/12/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार
सुहेला

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 430/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल 57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/238 शैलेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री राकेश दुबे, पिता स्व. नत्थुलाल दुबे रीता दुबे पति स्व. शैलेष दुबे अभिनीत दुबे पिता स्व. शैलेष दुबे मौली दुबे, किरण तिवारी ज्योति के नाम से दर्ज है, जिसको राकेश दुबे पिता स्व. श्री नत्थुलाल दुबे 2. श्रीमती रीता दुबे पति स्व. शैलेष दुबे 3. श्री अभिनीत दुबे पिता स्व. शैलेष दुबे ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

सी डैक CDAC | प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक)
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की वैज्ञानिक संस्था

प्रवेश घोषणा - आईसीटी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम - मार्च 2022 बैच

सी-डैक द्वारा अभियांत्रिकी स्नातकों / एमसीए / विज्ञान स्नातकोत्तर डिग्री (चयनित विषयों के) धारकों के लिए आईसीटी में निम्न रोजगारोन्मुखी 30 सप्ताह (लगभग) के पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नामांकन की घोषणा। (पाठ्यक्रमवार पात्रता मानदंड और पूर्व-अपेक्षाओं के लिए कृपया acts.cdac.in वेबसाइट देखें:

महत्वपूर्ण तिथियाँ
ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि : **जनवरी 13, 2022**
सी-डैक कॉमन एडमिशन टेस्ट: **सी-कैट I : जनवरी 22, 2022 तथा**
सी-कैट II : जनवरी 23, 2022
पाठ्यक्रम प्रारंभ तिथि : **मार्च 08, 2022**

सी-डैक के ऑनलाइन डिप्लोमा पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषताएं: • उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड के साथ अच्छी तरह से स्थापित पाठ्यक्रम • 900 घंटे के सिद्धांत + प्रयोगशाला + परियोजना के साथ 30-सप्ताह (लगभग) पूर्णकालिक पाठ्यक्रम। • अधिकांश केंद्रों में प्रति दिन 6 घंटे सिद्धांत + प्रयोगशाला सत्र, सप्ताह में 6 दिन • पाठ्यक्रम के दौरान सतत प्रयोगशाला और आंतरिक मूल्यांकन • सभी केंद्रों पर केंद्रीकृत पाठ्यक्रम-अंत सिद्धांत परीक्षा। • सी-डैक, अकादमिक और आईसीटी उद्योग में डोमेन विशेषज्ञों के परामर्श से डिजाइन और विकसित पाठ्यक्रम। • व्यापक डोमेन ज्ञान के साथ सी-डैक और आईसीटी उद्योग के विशेषज्ञ संकाय • आईसीटी उद्योग के मानकों के लिए प्रासंगिक ट्यूटोरियल, व्यावहारिक और परियोजनाएं • योग्यता, प्रभावी संचार और साक्षात्कार कौशल पर विशेष प्रशिक्षण • व्यापक प्लेसमेंट ओरिएंटेशन और क्षेत्र-वार सामान्य कैंपस प्लेसमेंट।

पाठ्यक्रम उपलब्धता :
•बेंगलुरु •भुवनेश्वर •चेन्नई •हैदराबाद •इन्दौर •जयपुर •कराड •कोची •कोलकाता
•मुंबई •नागपुर •नाशिक •नई दिल्ली •नोएडा •पटना •पुणे •सिलचर •तिरुवनंतपुरम

आईसीटी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम
(NSQF level 8)
- उन्नत कंप्यूटिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DAC)
- एम्बेडेड सिस्टम डिज़ाइन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DESD)
- बिग डेटा एनालिटिक्स में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DBDA)
- आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर सिस्टम और सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DITISS)
- वीएलएसआई डिज़ाइन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DVLSI)
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DIoT)
- आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस (कृत्रिम बुद्धि) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DAI)
- मोबाइल कंप्यूटिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DMC)
- उन्नत सुरक्षित सॉफ्टवेयर विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG- DASSD)
- एचपीसी सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DHPCSA)
- भू-सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DGI)
- रोबोटिक्स और संबद्ध प्रौद्योगिकियां में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DRAT)

DAVP 06132/11/0019/2122

पाठ्यक्रम, सी-कैट, पात्रता, पंजीकरण और आवेदन के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.cdac.in या acts.cdac.in पर जाएं।

+91 20 25503134 | www.facebook.com/OfficiallyACTS | www.cdac.in या acts.cdac.in

3.56 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को 26 जनवरी को मिलेगी पहली किश्त, शहरी किराएदारों को मिलेगा आवास

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पहली किश्त का भुगतान किया जाएगा। इस योजना से प्रदेश के 3 लाख 56 हजार 485 पात्र परिवार लाभान्वित होंगे। इन परिवारों को सालाना 6 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के लिए 1 सितम्बर 2021 से 30 नवम्बर 2021 तक हितग्राहियों का पंजीयन किया गया था। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन के बजट मे का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने शहरी किरायेदार को भूमिस्वामी हक पर मकान उपलब्ध कराने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाई के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में निवासरत आवासहीनों को मकान मुहैया कराये जाने के उद्देश्य से प्राइवेट कालोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) के लिए आरक्षित भूमि का उपयोग इन वर्गों के लिए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राइवेट कालोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित 15 प्रतिशत भूमि कालोनाइजरों द्वारा नगरीय निकायों को हस्तांतरित की गई है। उन्होंने इस भूमि का लाभ

कमजोर आर्थिक वर्ग के लोगों को की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को मार्केट से लिंकेज उपलब्ध कराया जाना चाहिए। ताकि उन्हें अच्छा बाजार मिले और महिलाओं की आय में बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने कहा कि मार्केट सर्वे कर यह जानकारी ली जाए कि बाजार में किन वस्तुओं की मांग है। मांग के आधार पर गौठानों में महिला समूहों द्वारा उत्पाद तैयार कराए जाएं। सीएम बघेल ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में महिला समूहों को सोलर पैनल तैयार करने का प्रशिक्षण देकर उनसे सोलर पैनल तैयार कराये जाएं। हालर और पेराई के लिए एक्सपेलर जैसी मशीनें अनुदान पर स्व-सहायता समूहों को उपलब्ध कराई जाए।

सीएम बघेल ने कहा कि महिला समूहों के माध्यम से कोरबा, कांकेर और कोंडागांव जिले में वनौषधियों को तैयार कराने, बीजापुर और सुकमा जिले में लघु वनोपजों के प्रसंस्करण से ऐसे उत्पाद तैयार कराए जाएं, जिनकी बाजार में अच्छी मांग है। महिला समूहों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार दिलाने के लिए संबंधित क्षेत्रों की अच्छी कंपनियों से सहयोग लिया जाए और उनके गुणवत्ता मानकों के अनुसार उत्पाद तैयार कराए जाएं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास योजना के अंतर्गत युवाओं को ऐसे ट्रेड में प्रशिक्षित किया जाए, जिनमें रोजगार के अच्छे अवसर हैं और जिनकी अच्छी मांग है।

मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नारंगी वनों के संयुक्त सर्वे का कार्य जल्द पूरा करने और नारंगी वनों को डिनोटिफाई करने के लिए भूमि के चिन्हांकन कर राजस्व भूमि में परिवर्तित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा और इसके लिए राजस्व और वन विभाग की अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, विनोद वर्मा और राजेश तिवारी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले और सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, सचिव वित्त अलरमेल मंगई डी., राजस्व सचिव एनएन एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, गोधन न्याय योजना के नोडल अधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

ग्रामीण के बाड़ी से 1 लाख रुपए का सागौन व बीजा चिरान जब्त

बीजापुर/नवप्रदेश। मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर एवं वनमण्डलाधिकारी बीजापुर के सफल मार्गदर्शन में उप वनमण्डलाधिकारी बीजापुर के निर्देशन में परिक्षेत्र अधिकारी भैरमगढ़ द्वारा टीम घटित कर भैरमगढ़ वन परिक्षेत्र के नेलसनार सर्किल के करेंपारा निवासी करका कोरसा पिता सोमडू कोरसा के घर एवं बाड़ी की विधिवत तलाशी लेकर उसके घर से 29 नग सागौन चिरान एवं 199 नग बीजा चिरान कुल 228 नग अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 11 हजार रुपए का जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की संगत धाराओं में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में शिव कुमार मण्डावी वनपाल, मनोज समरथ सहायक परिक्षेत्र अधिकारी पुसनार, जंलघर यादव सहायक परिक्षेत्र अधिकारी सतवा, गिरीश खूंटे वनरक्षक, संजू कवासी वनरक्षक, राहुल कपूर वनरक्षक, गणपत मण्डावी वनरक्षक, योगेन्द्र नेताम वनरक्षक, सुन्दरदई समरथ वनरक्षक राम कुमारी राना वनरक्षक, मनीष नेताम वनरक्षक का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

प्रभारी प्राचार्य व शिक्षकों ने शिक्षा के मंदिर को बनाया मधुशाला

ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा, कराया डॉक्टरी मुलाहिजा

हसौद। यूं तो ऐसे कई स्कूल हैं, जहां शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लगता है। लेकिन छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक ऐसा भी स्कूल है, जहां खुद स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ने ही विद्यालय को मदिरालय बना दिया है। यही नहीं, स्कूल के अन्य शिक्षकों के लिए भी विद्या का मंदिर शराबखोरी का अड्डा बना हुआ है। मामला हसौद के समीपस्थ ग्राम ओड़ेकेरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है। जहां के प्रभारी प्राचार्य महेंद्र कुमार जांगड़े आए दिन शराब के नशे में स्कूल पहुंच जाते हैं और बच्चों से दुव्यर्वहार भी करते हैं। इस बात की खबर लगने पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने प्रभारी प्राचार्य को जमकर फटकार लगाई

तथा 112 बुलाकर उसका डॉक्टरी मुलाहिजा भी कराया। विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की माने तो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओडेकेरा के कई शिक्षक प्रतिदिन शराब पीकर आते हैं और बिना अध्यापन कराए घर चले जाते हैं। यही नहीं इस विद्यालय में भी शराबखोरी करते कई शिक्षक पकड़े जा चुके हैं परंतु ठोस कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं।

ढाई महीने में दूसरी बार नशे में धुत्त मिले प्रभारी प्राचार्य

इस विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य द्वारा शराब पीकर स्कूल आना कोई नई बात नहीं है। इसके ठीक ढाई महीने पहले तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य कश्यप को ग्रामीणों ने मदमस्त हालत में पकड़ा था। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद उनसे प्रभार छीनकर महेंद्र जांगडे को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। जिनको बुधवार को ग्रामीणों ने नशे में धुत्त पाया। ग्रामीणों का कहना है कि इन दोनों व्याख्याता को विद्यालय से हटाया जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

कर्मचारी नेता का धौंस दिखाते हैं प्राचार्य

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रभारी प्राचार्य जांगड़े द्वारा विद्यार्थियों को घर में बताने पर फटकार लगाई जाती है तथा ग्रामीणों द्वारा विरोध किये जाने पर अपने आपको कर्मचारी नेता बताया जाता है तथा ऊंची राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर कार्यवाही नहीं होने की बात कही जाती है। प्रभारी प्राचार्य का एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है जिसमें प्राचार्य जांगड़े शराब के नशे में धुत्त होकर जनभागीदारी के अध्यक्ष एवं सदस्यों से माफी मांग रहें हैं तथा मामले को टालने की बात कह रहे हैं।

छत्तीसगढ़ की 16 जिला स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशालाओं को एनएबीएल से मिली मान्यता

रायपुर। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल गुणवत्ता परीक्षण कार्य में छत्तीसगढ़ राज्य ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित की है। राज्य के 16 जिला स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशालाओं को NABL (नेशनल एक्रीडीटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एण्ड कैलीब्रेशन लेबोरेटरीज) मान्यता प्राप्त हो चुकी है, जिसमें दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम, बेमेतरा, रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, बलौदाबाजार, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, मुंगेली, कांकेर एवं जगदलपुर जिले की जल परीक्षण प्रयोगशालाएं शामिल हैं। शेष बचे आठ जिलों द्वारा भी इक्क्र हेतु पूर्ण तैयारी उपरांत आवेदन कर दिया गया है।

जल जीवन मिशन द्वारा सब डिविजन स्तरीय प्रयोगशालाओं को भी मार्च 2022 तक NABL मान्यता प्राप्त करने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रदेश की आम जनता को अपने निजी स्त्रोत के जल परीक्षण अपने जिला मुख्यालय के NABL मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से कराये जाने की सुविधा प्राप्त हो चुकी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों के FTK के माध्यम से परीक्षण के क्षेत्र में राज्य द्वारा नये कीर्तिमान रचते हुये 11,642 (99.8 प्रतिशत) ग्राम पंचायतों में ट्रेनिंग कार्यक्रम पूर्ण किया जा चुका है। अब तक 11.642 ग्राम पंचायतों में 79,689 महिलाओं को 'जल बहिनी' के रूप में जल परीक्षण की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस वर्ष अब तक 3,13,501 अर्थात 65 प्रतिशत पेयजल स्त्रोतों का केमिकल जल परीक्षण किया जा चुका है। अब तक राज्य में 7,66,733 परिवारों (15.78 प्रतिशत) को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराये जा चुके हैं तथा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशों अनुरूप जल जीवन के माध्यम से एक अप्रैल 2021 के बाद अब तक दो लाख परिवारों को घरेलु कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। अब तक राज्य के कुल 132 ग्रामों के शत प्रतिशत परिवारों को क्रियाशील घरेलु नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा चुका है।

अपनी लंबित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन 12 जनवरी को निकालेगी मौलिक अधिकार रैली

■ **लंबित महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता कर्मचारियों का मौलिक अधिकार है : भारद्वाज**

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने आज प्रेस वार्ता कर 12 जनवरी को मौलिक अधिकार रैली निकालने से संबंधित जानकारी दी। फेडरेशन के संरक्षक रमेश तिवारी, विजय बहादुर सिंह, भोला शंकर तिवारी, जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने कहां की प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी 12 जनवरी को मौलिक अधिकार रैली निकालेंगे तथा लंबित महंगाई भत्ता एवं नगरीय भाड़ा भत्ता कर्मचारियों का मौलिक अधिकार है बताते हुए आगे कहा कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबंधित सभी संगठन पूर्व में लंबित महंगाई भत्ता सहित 14 सूत्रीय मांगों की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु 3 सितंबर 2021 को सामूहिक अवकाश लेकर प्रांत व्यापी आंदोलन किए थे। राधे लाल भारद्वाज ने आगे कहा कि आंदोलन की सफ लता के बाद मुख्यमंत्री द्वारा दूसरे ही दिन फेडरेशन प्रतिनिधियों से चर्चा कर 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2019 से देने का निर्णय लिया था। आगे बताया कि प्रदेश के कर्मचारी आज भी केंद्रीय कर्मचारियों विद्युत मंडल एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से 14 प्रतिशत महंगाई भत्ता पीछे है इन संस्थाओं में 31 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है जबकि राज्य के शासकीय सेवकों को मात्र 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है। प्रदेश के शासकीय सेवकों को आज भी छठें वेतनमान की दर पर गृह भाड़ा भत्ता मिल रहा है जबकि केंद्रीय कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के दर पर गृह भाड़ा भत्ता मिल रहा है राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सेवानिवृत्त पेंशनरों का 27 माह का एरियाज भी नहीं दिया है क्योंकि प्रदेश के शासकीय सेवकों का महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता मौलिक अधिकार है इसलिए 12 जनवरी को भोजन अवकाश में मौलिक अधिकार रैली निकालकर जिला तहसील विकास खंडों में मुख्यमंत्री को संबोधित कलेक्टरों एवं अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदारों को छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले मांग पत्र सौंपा जाएगा।

मौसम, बारदाना कमी और उठाव की गति धीमी, शेष किसान धान बेचने को लेकर चिंतित

देवभोग (नवप्रदेश)। धान खरीदी में जैसे-जैसे दिन घट रहा है वैसे-वैसे हजारों किसानों की धड़कन तेज हो रही है। क्योंकि अब तक कई धान खरीदी केंद्रों में 40 प्रतिशत से ज्यादा किसानों ने अपने साल भर की मेहनत का फसल नहीं बेचा है। ऐसे में बारिश होने की संभावना और बारदाना की कमी सहित परिवहन नहीं होना किसानों की धान बेचने के बीच बाधा बनने को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं। हालांकि धान खरीदी में और 23 दिन शेष है। मगर बचत तिथि अनुसार टोकन कटौती में कोई बढ़ोतरी नहीं हुआ है। पूर्व में निर्धारित संख्या अनुसार अभी भी टोकन काटा जा रहा है। 9 से 13 जनवरी तक बारिश होता है तो उसके बाद टोकन संख्या में बढ़ोतरी करने की बात कही जा रही है। मतलब परिवहन नहीं होने और बारदाना उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में खरीदी बंद होती है। तो अंतिम दिनों में एक साथ टोकन काटकर धान खरीदी करने की मंशा जाहिर कर रहे हैं। जिसका नुकसान छोटे-बड़े किसानों को उठाना पड़ सकता है। क्योंकि बड़े किसानों को बारी-बारी से अपना धान केंद्र में लाना पड़ता है। सबसे ज्यादा दीवानमुड़ा खरीदी केंद्र में किसानों को मशक्कत करनी पड़ सकती है। क्योंकि यहां बारदाना खत्म होने के

खरीदी केंद्र का नाम	रकबा	खरीदी प्रतिशत
दीवानमुड़ा	1917	50 प्रतिशत
रोहनागुड़ा	1452	60 प्रतिशत
देवभोग	1695	60 प्रतिशत
लाटापारा	1877	65 प्रतिशत
गोहरापदर	1629	70 प्रतिशत
झिरीपानी	810	62 प्रतिशत
खोकसरा	825	64 प्रतिशत
झाखरपाड़ा	1286	80 प्रतिशत

साथ धान रखने के लिए जगह नहीं है। ऐसे में धान खरीदी बंद करने के अलावा दूसरा विकल्प प्रबंधन के पास नहीं है। इसी तरह खोकसरा समिति पर भी आगामी सोमवार तक धान खरीदने योग्य बारदाना है। और पूरी स्थिति से अवगत जिम्मेदार अधिकारी गंभीर दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। जबकि धान खरीदी प्रभारियों द्वारा लगातार संबंधित कार्यालय को पत्र भेजा जा रहा है। फिर भी धान उठाव और बारदाना की पूर्ति को लेकर कोई पहल नहीं किया की जा रही है। शायद यही वजह है कि किसानों को चिंता सता रही है। विभागीय अधिकारी और धान खरीदी प्रबंधन के तालमेल नहीं बैठने का खामियाजा किसानों को ना उठाना पड़े। हालांकि शेष दिनों में आसानी के साथ 40 प्रतिशत किसानों का धान लेने का खोखली दावा किया जा रहा है। मगर जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती है।

जबकि धान खरीदी प्रभारी भी मौसम और परिवहन पर निर्भर है। किसान जितनी जल्दी हो अपना धान खरीदी केंद्र तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। क्योंकि 22 दिनों के धान खरीदी में 60% धान खरीदा गया है तो 17 दिनों में 40त्न धान का खरीदी करना किसी चैलेंज से कम नहीं है।

जिला पंचायत सदस्य के लिए 6 अभ्यार्थी चुनावी मैदान में

सूरजपुर/नवप्रदेश। पंचायत उप निर्वाचन 2021-22 अंतर्गत जिला सूरजपुर के क्षेत्र क्रमांक 5 ओड़गी जिला पंचायत सदस्य के एक पद रिक्त हेतु नाम निर्देशन के सात आवेदन प्राप्त हुए थे। गुरूवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था जिसमें से एक अभ्यर्थी ने अपना नाम वापस ले लिया है। इस तरह क्षेत्र क्रमांक 5 के रिक्त पद के लिए 6 अभ्यार्थी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत अजमाएंगे। जनपद पंचायत प्रतापपुर के क्षेत्र क्रमांक 10 जनपद पंचायत सदस्य के 1 रिक्त पद हेतु नाम निर्देशन के दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिले में सरपंच के रिक्त 4 पदों के विरुद्ध ग्राम पंचायत कुम्दा में चार आवेदन, ग्राम पंचायत माटीडांड में चार आवेदन प्राप्त हुए तथा ग्राम पंचायत सुमेरपुर व परसापारा में कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं।

कलेक्ट्रेट में अधिकारियों व कर्मचारियों ने कराया कोविड टेस्ट, सभी नेगेटिव

सूरजपुर/नवप्रदेश। कोविड-19 के नए वेरिएंट ओमीक्रोन के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए उसके प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर कलेक्ट्रेट में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों ने गुरूवार को रैपिड एंटीजन एवं आरटीपीसीआर कोविड टेस्ट कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रैपिड एंटीजन के 142 एवं आरटीपीसीआर के 12 टेस्ट किये। रैपिड टेस्ट में सभी नेगेटिव पाए गए एवं आरटी पीसीआर की रिपोर्ट जांच के लिए भेजा गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में कोविड-19 के तेजी से बढ़ रहे संक्रमण के नियंत्रण के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मास्क लगाना, सोशल, फि जिकल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाइजर का उपयोग अनिवार्य रूप से करने निर्देशित किया गया है तथा निरंतर सतर्क एवं जागरूक रहकर कार्यालयीन कार्य को संपादित करने कहा गया है।

इधर मुख्यमंत्री ने रिमोट दबाया, उधर महिला समूहों व गौठान समितियों के खाते में पहुंचे 5 करोड़ 37 लाख

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम में पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 5 करोड़ 37 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की। इस राशि में 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2021 तक राज्य के गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए गए गोबर के एवज में 2 करोड़ 78 लाख रूपए का भुगतान तथा गौठान समितियों को एक करोड़ 70 लाख और महिला समूहों को 89 लाख रूपए की लाभांश राशि शामिल है। गोबर विक्रेताओं को आज जारी की गई राशि को मिलाकर अब तक उन्हें 119.41

करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह गौठान समितियों को अब तक 42.73 करोड़ रूपए तथा महिला स्व-सहायता समूहों 27.99 करोड़ रूपए राशि लाभांश के रूप में दी जा चुकी है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, विनोद वर्मा और राजेश तिवारी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले और सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, गोधन न्याय योजना के नोडल अधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।